दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
वर्ष: 2 | अंक: 205 | जयपुर, बुधवार, 05 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

**नकल माफियाओं पर सरकार का शिकंजा: पिछले साल दस वर्ष तक की सजा और 10 करोड़ के जुर्माने का किया था प्रावधान**

## पेपर लीक में अब उम्रकैद... कानून लाएगी गहलोत सरकार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में नकल माफियाओं के लिए एक बुरी खबर है। राज्य सरकार ने प्रतियोगिता परीक्षाओं में पेपर लीक करने वालों को अब उम्र कैद की सजा होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नकल माफियाओं को लेकर यह बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट करके यह जानकारी दी है।

आगामी विधानसभा सत्र में सरकार इस संबंध में अध्यादेश लेकर आएगी। इस अध्यादेश के जरिए नकल माफियाओं को अधिकतम सजा के तौर पर उम्रकैद की सजा का प्रावधान जोड़ा जाएगा। राज्य सरकार ने मार्च, 2022 में भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और धोखाधड़ी जैसे अपराधों के लिए 10 साल तक की कैद और 10 करोड़ रुपए के जुर्माने का प्रावधान करने वाला एक विधेयक पारित किया था। सीएम गहलोत ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि पेपर लीक के खिलाफ बनाए गए कानून में भी अधिकतम सजा का प्रावधान उम्रकैद करने के लिए आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव को राजस्थान लोक सेवा आयोग, कार्मिक विभाग, राजस्थान राज्य अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक चयन बोर्ड एवं अन्य हितधारकों के साथ चर्चा कर बेहतर प्रक्रिया तैयार करने का निर्देश दिया गया है। बिल के लिए मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव उषा शर्मा को भी निर्देश जारी कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि 14 जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में सरकार बिल लेकर आएगी।




### भाजपा लगातार बोल रही है हमला

सरकार ने ऐसे समय में यह विधेयक लाने का निर्णय किया है, जबकि चुनावी साल में पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा के प्रदेश और केंद्रीय नेता कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोल रहे हैं। भाजपा ने रीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी, लेकिन इसकी जांच राजस्थान पुलिस का 'स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप' कर रहा है।

### चार साल में 15 से ज्यादा पेपर लीक

प्रदेश में पिछले चार साल में 15 से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। इनमें से 12 मामलों को लेकर सरकार ने जांच पूरी कर चालान पेश कर दिया है। प्रदेश में पेपर लीक के प्रकरण लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में सरकार ने अब इस कानून को सख्त रूप देने का निर्णय किया है। सरकार के इस निर्णय का बेरोजगार संघों ने स्वागत किया है। सरकार के इस नए कानून के बाद पेपर लीक माफिया पर लगाम लगने में मदद मिल सकेंगी। वहीं गहलोत सरकार का यह कदम ऐसे मामलों में कड़ा संदेश भी माना जा रहा है।

**जरूरी खबर**

### फिल्म की शूटिंग में जखमी हुए शाहरुख खान



**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान फिल्म की शूटिंग के दौरान एक हादसे का शिकार हो गए हैं। उनकी नाक पर गहरी चोट लगी है। अब उनकी एक छोटी सी सर्जरी हुई है। बॉलीवुड हीरो शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग अमेरिका के लॉस एंजिल्स में कर रहे थे। इसी दौरान वह एक हादसे के शिकार हो गए। इसमें उनकी नाक पर चोट लग गई, आनन फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर उनकी छोटी सी सर्जरी हुई। फिलहाल किंग खान अब भारत वापस आ गए हैं और मुंबई स्थित अपने आवास मन्नत में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

### पूर्वी राजस्थान में आज से फिर बारिश का अलर्ट

**जयपुर।** प्रदेशभर में मंगलवार को मौसम के कई रूप नजर आए। जहां श्रीगंगानगर में गर्मी ने आमजन के पसीने छुड़ा दिए, वहीं झुंझुनूं के पिलानी में दिनभर बारिश का दौर चला। इसके अलावा जयपुर जिले के शाहपुरा में मंगलवार दोपहर बाद मूसलाधार बारिश हुई। पिलानी में मंगलवार शाम तक 70.8 एमएम बारिश हुई और श्रीगंगानगर में सर्वाधिक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आने वाली पूर्वी हवाओं के सक्रिय होने से पूर्वी राजस्थान के कोटा, उदयपुर, अजमेर और जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में बुधवार और गुरुवार से ही बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का प्रतापगढ़ दौरा**

## कांग्रेस ने खुद की गरीबी को किया दूर: गडकरी

- गहलोत ने दिया सुझाव- भाजपा के नेता आपकी तरह सोचे तो नहीं रहे कोई विवाद
- 5,625 करोड़ की 11 राजमार्ग परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में लगभग 60 साल तक कांग्रेस ने शासन किया और गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन गरीबों की गरीबी दूर नहीं हुई जबकि कांग्रेस के लोगों ने अपनी 'गरीबी' दूर कर ली।

प्रतापगढ़ में सभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की योजनाओं का गिनाते हुए गडकरी ने कहा कि सरकार का इरादा वाहन उद्योग के कारोबार को दोगुना कर 15 लाख करोड़ रुपए करने का है। अभी वाहन उद्योग का कारोबार 7.5 लाख करोड़ रुपए है और इस क्षेत्र में साढ़े चार करोड़ लोगों को नौकरियां मिली हैं। यह उद्योग सरकार को सबसे ज्यादा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) देता है। हमने तय किया है कि हम इस उद्योग को 15 लाख करोड़ रुपए का बनाएंगे। यह उद्योग दस करोड़ नौकरियां पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने वाहन विनिर्माण में जापान को पछाड़ दिया है और विश्वस्तर पर चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर आ गया है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ज्ञान एक महान शक्ति है और ज्ञान को धन में परिवर्तित करना ही हमारा भविष्य है। ■ देखें पेज 2 भी



### किसान अन्नदाता नहीं ऊर्जा प्रदाता भी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान आज न केवल अन्नदाता हैं बल्कि एथनॉल और सौर ऊर्जा का उत्पादन कर ऊर्जा प्रदाता भी हैं। ऑटो रिक्शा से लेकर कार तक एथनॉल से चलेंगी और भारत का आयात कम होगा और किसान समृद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल में नरेंद्र मोदी सरकार ने कई विकास के कदम उठाए हैं और देश को प्रगति दिलाई है। इससे पहले एक अन्य कार्यक्रम में गडकरी ने 5,625 करोड़ रुपए की 11 राजमार्ग परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### मुख्यमंत्री गहलोत ने की गडकरी की तारीफ

कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़े मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गडकरी की तारीफ करते हुए सुझाव दिया कि वो अपने दूसरे साथी नेताओं को समझाएं कि वो भी उनकी तरह ही काम करें। गहलोत ने यहां तक कहा कि अगर भाजपा के सभी नेता गडकरी साहब की तरह हो जाए तो कोई विवाद ही पैदा नहीं होगा, लेकिन अफसोस ऐसा कभी हो नहीं सकता है। गहलोत ने कहा कि नितिन गडकरी का काम तारीफे काबिल हैं। गडकरी साहब न सिर्फ योजनाएं बनाते हैं, बल्कि उन योजनाओं को जमीन पर उतारते भी हैं।



### प्रदेश की 50 सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का किया आग्रह

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से राजस्थान की 50 सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के संदर्भ में गजट नोटिफिकेशन शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। इन सड़कों के राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। गहलोत ने कहा कि जोधपुर एलिवेटेड रोड की 2000 करोड़ रुपए की तैयार डीपीआर पर निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाए। रिंग रोड के शेष कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पचपदरा में 9 मिलियन टन की रिफाइनरी से जोधपुर-पचपदरा के बीच यातायात बढ़ेगा, इसको अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाए।

**कन्हैया हत्याकांड के आरोपियों की NIA कोर्ट में पेशी**

## रियाज और गौस को मिलेगी चार्जशीट की हिंदी कॉपी

**बेधड़क** | जयपुर

उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड मामले में आरोपियों को एनआईए की ओर से पेश की गई चार्जशीट की हिंदी कॉपी उपलब्ध करवाई जाएगी। एनआईए की विशेष अदालत में आरोपी रियाज और गौस मोहम्मद ने चार्जशीट की हिंदी कॉपी के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, जिसे कोर्ट ने मंगलवार को स्वीकार कर लिया। घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज व वीडियो उपलब्ध करवाने के मामले में अदालत बुधवार को अपना फैसला सुनाएगी।

मंगलवार को एनआईए की विशेष अदालत में सभी 9 आरोपियों को पेश किया गया। सभी को अजमेर जेल से कड़ी सुरक्षा में जयपुर कोर्ट में लाया गया। मामले में 26 जुलाई को चार्ज बहस होगी।

गौरतलब है कि 28 जून, 2022 को कन्हैयालाल की मोहम्मद रियाज अटारी और गौस मोहम्मद ने निर्मम तरीके से गला काटकर हत्या कर दी थी। एनआईए की ओर से अधिवक्ता टीपी शर्मा ने और आरोपियों की ओर से अधिवक्ता मिन्हाजुल हक ने पैरवी की।



फोटो: पंकज शर्मा

**चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना**

## प्रदेश के बाहर भी अंग प्रत्यारोपण को मंजूरी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रदेश के बाहर किसी भी अस्पताल में निशुल्क अंग प्रत्यारोपण कराया जा सकेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में गाइडलाइन को स्वीकृति दी है।

गाइडलाइन के अनुसार, प्रदेश के बाहर अंग प्रत्यारोपण एवं कॉक्लियर इम्प्लांट के लिए पुर्नभरण किया जाएगा। अंग प्रत्यारोपण की अनुशंसा सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में गठित ट्रांसप्लांट इवेल्यूएशन कमेटी करेगी। अनुशंसा जारी किए जाने के बाद अंग प्रत्यारोपण के पैकेज का लाभ मरीज को प्रदेश के बाहर मिल सकेगा। इसमें मरीज एवं एक सहायक को राज्य से बाहर उपचार के लिए आने-जाने के लिए 1 लाख रुपए तक की हवाई यात्रा के व्यय का पुर्नभरण भी होगा। इसके अतिरिक्त सक्षम स्तर की अनुमति से विशेष परिस्थितियों में पैकेज सीमा की 50 प्रतिशत तक की अग्रिम राशि भी मरीज को मिल सकेगी। वर्तमान में योजना के तहत प्रदेश के एमपेनल्ड अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण के 37 पैकेज तथा कॉकलियर इम्प्लांट के लिए 5 अतिरिक्त पैकेज लागू हैं।

## नाबालिग से रेप और मुस्लिम बनाने की कोशिश

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर थाना में एक व्यक्ति को एक नाबालिग का अपहरण करने, उसके साथ बलात्कार और उसे मुस्लिम बनाने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उपनिरीक्षक राकेश मीणा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने शनिवार को सोहेल खान नाम के व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में शिकायत की कि उसने कुछ दिन पहले उसकी 16 साल की बेटी का अपहरण कर लिया और सवाई माधोपुर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। यह भी आरोप लगाया कि उसकी बेटी का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां मजिस्ट्रेट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**कम नामांकन वाले स्कूलों पर फिर लटकी तलवार**

## प्रदेश के 10 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूलों पर ताला लगने की नौबत!

- निर्धारित मापदंड के अनुसार 50 नामांकन भी नहीं हुए स्कूलों में पूरे
- नामांकन बढ़ाने के लिए प्रधानाचार्यो को दिया 15 जुलाई तक का समय
- राजे सरकार ने 20 हजार स्कूलों को किया था मर्ज

**श्रवण भाटी** | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश के हजारों स्कूलों में नामांकन तय नियम के अनुसार नहीं होने से शिक्षा विभाग ने बंद या मर्ज करने की कवायद शुरू कर दी है। नामांकन कम होने की वजह से एक बार फिर प्रदेश में बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों पर ताला लगने की तैयारी है।

प्रदेश के करीब 10 हजार 315 स्कूलों में निर्धारित मापदंड के अनुसार 50 नामांकन नहीं होने पर बंद किया जा सकता है। नामांकन कम होने पर इन स्कूलों को निकट के सरकारी स्कूलों में मर्ज किया जा सकता है। वहीं इन स्कूलों का शिक्षा विभाग ने भौतिक सत्यापन कर दिया है और इन्हें बंद करना है या नहीं, यह फैसला सरकार पर छोड़ा है। शिक्षा निदेशालय बीकानेर ने डीईओ मुख्यालय से कम नामांकन वाली स्कूलों से सूची मांगी हैं।



### जोधपुर में सबसे अधिक

प्रदेश में सर्वाधिक जोधपुर में 831, जयपुर में 812, बाड़मेर में 796 स्कूलों में तय नियम के अनुसार नामांकन कम हुए हैं। वहीं अजमेर 177, अलवर 298, बांसवाड़ा 171, बारां 159, भरतपुर में 125, भीलवाड़ा 342, बीकानेर में 460, बूंदी 158, चित्तौड़गढ़ 276, चूरू 189, दौसा 267, धौलपुर 65, डूंगरपुर 251, श्रीगंगानगर 540, हनुमानगढ़ 161, जैसलमेर 360, जालौर 150, झालावाड़ 273, झुंझुनूं 472, करौली 243, कोटा 147, नागौर 752, पाली 186, प्रतापगढ़ 132, राजसमंद 212, सवाई माधोपुर 125, सीकर 474, टोंक 347 और उदयपुर में 314 विद्यालयों में नामांकन कम हुए हैं। वहीं प्रदेश में सबसे कम सिरोही जिले में 50 स्कूल में ही 50 से कम नामांकन है।

### प्रवेशोत्सव में बढ़ाए नामांकन तो नहीं होंगे मर्ज

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अभी तक प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है और प्रवेश प्रक्रिया चल रहीं है। ऐसे में यदि किसी विद्यालय ने 15 जुलाई से पहले नामांकन बढ़ा दिए जाते हैं तो उस स्कूल को मर्ज नहीं किया जाएगा। कम नामांकन वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्य को विभाग ने नियमानुसार नामांकन बढ़ाने के लिए प्रवेश उत्सव के तहत 15 जुलाई तक का समय दिया गया है। 15 जुलाई के बाद बढ़े नामांकन की सूची की रिपोर्ट भेजने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री का आश्वासन...

प्रदेश के हजारों स्कूल के मर्ज को लेकर शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि जिन स्कूल में शून्य नामांकन है, उन्हें चलाकर भी क्या करेंगे। स्कूल में 50 से कम नामांकन होने पर भी संचालित करेंगे। उन्हें मर्ज नहीं किया जाएगा।

"शिक्षा विभाग 10 हजार विद्यालय मर्ज करने की तैयारी कर रहा है। इससे आगामी भर्ती में पदों की संख्या कम होगी। ग्रामीण क्षेत्रों के दूरदराज गांव ढाणी के स्कूल बंद होंगे तो लाखों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी। संघ की राज्य के सीएम व शिक्षा मंत्री से मांग है कि इन स्कूलों को बंद नहीं किया जाएं।

**मोहरसिंह सलावद,** प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक संघ रेसटा,राजस्थान

## जरूरी खबर

### सीएस ने पीएम के दौरे की तैयारियों का लिया जायजा



**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 8 जुलाई को प्रस्तावित बीकानेर यात्रा के संबंध में तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा ने बीकानेर संभागीय आयुक्त, महानिरीक्षक पुलिस, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तैयारियों का जायजा लिया।

### भरतपुर के सैदपुरा में उप तहसील के गठन को मंजूरी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भरतपुर जिले के सैदपुरा में नई उप तहसील के गठन को मंजूरी दी है। इस नवसृजित उप तहसील में 2 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त तथा 8 पटवार मण्डल शामिल होंगे। गहलोत के इस निर्णय से आमजन को राजस्व संबंधी प्रकरणों के लिए उप तहसील संबंधी कार्य निष्पादन में सुविधा होगी। सैदपुरा की जिला मुख्यालय से दूरी 32 कि.मी तथा मूल तहसील मुख्यालय से 13 किमी है। ऐसे में अब उन्हें लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने 15 जून, 2023 को भरतपुर दौरे के दौरान इस संबंध में घोषणा की थी।

### साइबर सुरक्षा के लिए बनेगी राज्य स्तरीय लैब



**जयपुर।** प्रदेश में साइबर सुरक्षा को अधिक मजबूत बनाने के निए साइबर सुरक्षा लैब स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लैब स्थापना और 18.40 करोड़ रुपए के उपकरणों की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत के इस निर्णय से जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में लैब संचालित होगी। इससे प्रदेश में साइबर सुरक्षा बढ़ेगी और विभिन्न प्रकार के अपराधों के अनुसंधान में सुगमता आएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के बजट में सेंटर ऑफ साइबर सिक्योरिटी, काउंटर टेररिज्म एंड एंटी इंसर्जेन्सी की स्थापना के लिए घोषणा की थी।

---

**कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगाए गए** मंत्री जाहिदा के खिलाफ विवादित पोस्टर

# शिक्षा राज्य मंत्री पर ट्रांसफर के नाम पर पैसे लेने का आरोप

■ मुख्यमंत्री, पीसीसी प्रभारी से लगाई पैसा वापसी की गुहार

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर मंगलवार सुबह नेताओं के होर्डिंग्स पर कोई व्यक्ति सरकार की मंत्री जाहिदा खान के खिलाफ तीन अलग-अलग पोस्टर चस्पा कर गया।

इसमें मंत्री पर ट्रांसफर के नाम पर तीन लाख रुपए लेने के आरोप लगाया गया है। शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान पर ट्रांसफर के नाम पर तीन लाख रुपए लेने और वापस नहीं लौटने के आरोप लगे यह पोस्टर देख एक बार तो पीसीसी के कर्मचारी भी सकते में आ गए। कर्मचारियों ने इसकी जानकारी कांग्रेस पदाधिकारियों को दी और आनन-फानन में तुरंत इन पोस्टर्स को फाड़ा।

कर्मचारियों ने बताया कि ऑफिस के बाहर लगे होर्डिंग्स पर कोई रात में या जल्द सुबह विवादित पोस्टर चिपका गया। तीनों पोस्टर्स पर अलग-अलग नाम से गुहार लगाई गई थी। कागजी पोस्टर्स पर हाथ से ही लिखा हुआ था कि "मुख्यमंत्री जी ट्रांसफर के नाम पर लिया मंत्री जाहिदा खान से मेरे तीन




लाख दिला दो।' निवेदक- एक गरीब किसान का बेटा। इसी तरह एक और पोस्टर दूसरे होर्डिंग पर चिपका हुआ था।

जिस पर लिखा था "प्रभारी रंधावा जी मंत्री जाहिदा खान से हमारे पैसे दिला दो।' इसी तरह एक और तीसरा पोस्टर चिपकाया गया, जिस पर लिखा था "राजस्थान सरकार की सबसे भ्रष्ट मंत्री जाहिदा खान विधायक कामां। निवेदक- दुखी शिक्षक।'

### शिक्षा विभाग और भ्रष्टाचार के आरोप, चोली-दामन का साथ

शिक्षा विभाग में तबादलों को लेकर अक्सर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहते हैं। शिक्षा विभाग के एक कार्यक्रम में दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के तबादलों में भ्रष्टाचार को लेकर पूछा गया था। इस पर सार्वजनिक तौर पर ही शिक्षकों ने तबादलों में भ्रष्टाचार की बात कह डाली थी। माना जाता है कि सरकार में शिक्षकों के तबादले और भ्रष्टाचार के आरोपों का चोली-दामन का साथ है। तबादलों को लेकर कोई साफ पॉलिसी नहीं होने से करप्शन के आरोप लगते रहते हैं। राजनीतिक सिफारिशों के आधार पर तबादले होते हैं। प्रदेश में ग्रेड थर्ड टीचर्स लंबे समय से तबादलों की मांग कर रहे हैं। उनके अब तक तबादले नहीं होने पर भी कई बार असंतोष सामने आ चुका है।

### खंगाले जा रहे हैं सीसीटीवी

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगाए गए विवादित पोस्टर्स की चर्चा दिनभर पार्टी कार्यालय में होती रही। आखिर ये पोस्टर्स किसने लगाए, इसे लेकर पीसीसी के बाहर की इमारतों में लगे कैमरों को खंगाला जा रहा है। उधर प्रारंभिक बयान में कांग्रेस पदाधिकारी इसे किसकी शरारत बता रह हैं। साथ ही मामले में कार्रवाई की बात भी कह रहे हैं। वहीं इस मामले में शिक्षक संगठनों का कहना है कि हो सकता है कि शिक्षक को प्रड़ताड़ित किया गया हो और डर के कारण वो सामने नहीं आना चाह रहा हो। मामले की जांच होनी चाहिए। वहीं पार्टी भी इन पोस्टर्स को लेकर गंभीर नजर आ रही है। पार्टी पदाधिकारी इस कारगुजारी को करने वालों का पता लगाने में जुटे हैं।

---

**सुगम होंगी राहें:** नितिन गडकरी ने उदयपुर संभाग को दी सौगात

# नाथद्वारा से उदयपुर हवाई अड्डे के लिए होगी सीधी कनेक्टिविटी

■ टॉडगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में बनेंगे 13 एनिमल अंडरपास

■ 5600 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उदयपुर संभाग में सड़कों के जाल को मजबूत करने के लिए एक साथ कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल में नरेंद्र मोदी सरकार ने कई विकास के कदम उठाए हैं और देश को प्रगति दिलाई है।

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने इन परियोजनाओं को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा कि 'इन परियोजनाओं से सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल नाथद्वारा से उदयपुर हवाई अड्डे के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। प्रतापगढ़ बाईपास के निर्माण से शहर के अंदर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। रास से ब्यावरा तक के मार्ग के बनने से भीलवाड़ा की तरफ जाने वाले वाहनों को सुविधा मिलेगी। डूंगरपुर, उदयपुर और बांसवाड़ा क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। ब्यावर-गोमती मार्ग में टोडगढ़ वाईल्ड लाइफ सेंचुरी में 13 एनिमल अंडरपास का निर्माण होगा, जिससे वाहनों के कारण वन्य जीवों को समस्या नहीं होगी। राजस्थान में सीआरएफ के तहत 2250 करोड़ की लागत से 74 परियोजनाओं को मंजूरी देने की घोषणा इस कार्यक्रम के दौरान की गई। उन्होंने लिखा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण से राजस्थान को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए हम कटिबद्ध है।



### 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन

गडकरी ने प्रतापगढ़ में 5600 करोड़ रुपए की लागत वाली 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने कुल 219 किलोमीटर लंबाई और 3,775 करोड़ रुपए की लागत वाली चार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर किशनगढ़ से गुलाबपुरा खंड तक इस 6-लेन की परियोजना से अजमेर और भीलवाड़ा जिलों के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी। गुलाबपुरा से चित्तौड़गढ़ खंड को 6-लेन का बनाने से भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ जिलों के उदयपुर, जयपुर और कोटा क्षेत्र का परस्पर संपर्क मजबूत होगा। फतहनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग 162ए पर 4-लेन आरओबी के निर्माण से रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

### ब्रिज निर्माण का शुभारम्भ

गडकरी ने सीआरआईएफ के तहत मंडरायल में चम्बल नदी पर ऊंचाई वाले पुल (या हाई लेवल ब्रिज) के निर्माण का शुभारम्भ किया गया। इस पुल के निर्माण से राजस्थान के मंडरायल, करौली और मध्य प्रदेश के सबलगढ़ के बीच कनेक्टिविटी बनी रहेगी। आज 1850 करोड़ रुपए लागत वाली और कुल 221 किमी लंबी 7 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। ये परियोजनाएं प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नाथद्वारा से उदयपुर हवाई अड्डे तक सीधा संपर्क उपलब्ध कराएंगी। प्रतापगढ़ बाइपास के निर्माण से शहर के अंदर यातायात का बोझ कम होगा। रास से ब्यावर तक सड़क बनने से भीलवाड़ा की ओर जाने वाले वाहनों को सुविधा होगी। डूंगरपुर, उदयपुर और बांसवाड़ा क्षेत्र के जनजातीय इलाकों को बेहतर संपर्क उपलब्ध होगा। सांगवाड़ा और गढ़ी में बाइपास बनने से डूंगरपुर-बांसवाड़ा की दूरी 10 किमी कम हो जाएगी।

---

**इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो आज से**

# उद्योगों को वैश्विक मंच उपलब्ध करा रही सरकार: अरोड़ा



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के उद्यमियों को राज्य सरकार की ओर से उत्पादों के निर्यात के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी के चलते राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद एवं फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री की ओर से केन्या की राजधानी नैरोबी में इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो-2023 आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें राजस्थान से विभिन्न उद्योग श्रेणी के 175 उद्यमी भाग ले रहे हैं। 5 से 7 जुलाई तक आयोजित हो रहे एक्सपो में शामिल होने के लिए आरईपीसी चेयरमैन राजीव अरोड़ा सहित प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल नैरोबी पहुंचा। इस मौके पर अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा के अनुरूप प्रदेश के उद्योगों को निर्यात के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराने लिए निर्यात संवर्धन परिषद निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस एक्सपो में शामिल होने से प्रदेश के उद्योगों को पूर्वी अफ्रीकी देशों में निर्यात करने के लिए नवीन अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय एक्सपो में पूर्वी अफ्रीकी देशों के क्रेताओं से संवाद होगा। उन्होंने बताया कि इस एक्सपो में प्रतिनिधिमंडल में विधायक रफीक खान, आरएसआईसी एमडी मनीषा अरोड़ा, राजस्थान फाउंडेशन आयुक्त धीरज श्रीवास्तव सहित विभिन्न उद्यमी शिरकत कर रहे हैं।

---

**विकास जाखड़ व जुगल किशोर शर्मा ने** पार्टी की सदस्यता ली

# अगले महीने फिर राजस्थान आएंगे दिल्ली के CM अरविंद केजरीवाल

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक अरविंद केजरीवाल अगस्त में फिर राजस्थान आएंगे। वे पार्टी के टाउन हॉल कार्यक्रम में हिस्सा लेने के साथ ही पार्टी के प्रचार अभियान को आगे बढ़ाएंगे।

पार्टी की ओर से केजरीवाल के दौरे को लेकर तैयारी की जा रही है। इधर मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल और संयुक्त सचिव सरपंच विजेंद्र सिंह डोटासरा की मौजूदगी में शौर्य



चक्र विजेता व पूर्व असिस्टेंट कमांडेंट विकास जाखड़ और पूर्व आईईएस अधिकारी जुगल किशोर शर्मा ने पार्टी की सदस्यता ली। पालीवाल ने कहा कि जब से श्रीगंगानगर में केजरीवाल की रैली हुई है, तब से लोग आप की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थाम रहे हैं। पालीवाल ने कहा कि प्रदेश की जनता भी दिल्ली और पंजाब की तरह राजस्थान में भी बिजली, शिक्षा, चिकित्सा आदि चाहती है। राजस्थान में परिवर्तन की शुरुआत हो चुकी है और अब पंजाब से आई हुई टीम लोगों के बीच जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है।

प्रत्येक गांव में 11 लोगों की कमेटी बनाकर भेजी जा रही है। एक लाख कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंच जाएंगे और पार्टी की नीतियों से अवगत करवाएंगे।

### भाजपा महिला मोर्चा का थाली नाद प्रदर्शन आज

**जयपुर।** दुष्कर्म और महिला उत्पीड़न के बढ़ते मामलों को लेकर बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में महिलाएं थाली नाद के साथ सीएम आवास के लिए कूच करेंगी। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अल्का मूंदड़ा ने कहा कि महिला विरोधी राजस्थान की गहलोत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में प्रदेशभर से महिलाएं शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि पहले महिलाएं भाजपा प्रदेश कार्यालय में एकत्रित होंगी। यहां से सभा के बाद महिलाएं थाली नाद के साथ गहलोत सरकार को जगाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करेंगी।

---

**जन अभियोग निराकरण समिति** की प्रदेश स्तरीय बैठक

# समय पर हो समस्या का समाधान

**बेधड़क** | जयपुर

जन अभियोग निराकरण समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक मंगलवार को सचिवालय में आयोजित हुई। बैठक में जन सुनवाई कार्यक्रम, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जन सुनवाई का अधिकार एवं राजस्थान लोक सेवाओं के गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की गई व जन समस्याओं के प्रभावी निराकरण पर विमर्श किया गया।

बैठक में जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि गुड गवर्नेंस एवं आमजन को राहत पहुंचाना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए




अधिकारी परिवादी की शिकायत का तुरंत निस्तारण करें। उन्होंने बताया कि बैठक में उन 8 विभागों को शामिल किया गया है, जिनमें राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई के सर्वाधिक प्रकरण लंबित हैं।

वहीं राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि जल्द ही संपर्क पोर्टल राज्य सरकार के सभी पोर्टलों का समेकित पोर्टल होगा। जिससे शिकायतों का समय पर निराकरण हो सकेगा।

बैठक में निदेशक हरि मोहन मीणा ने बताया कि गत 4 वर्षों में राजस्थान संपर्क पर 53 लाख से अधिक शिकायतें हुईं, जिसमें से 51 लाख से अधिक निस्तारित की जा चुकी हैं। लगभग 3.19 प्रतिशत प्रकरण लंबित हैं।

---

**जल जीवन मिशनः मंत्री महेश जोशी बोले- लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा राजस्थान**

# प्रदेश में जल कनेक्शन का आंकड़ा 43.65 लाख के पार

■ 40.41 फीसदी एफएचटीसी का लक्ष्य पूरा

**बेधड़क** | जयपुर

जल जीवन मिशन के तहत राजस्थान तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। जिसके चलते प्रदेश में अब तक 43.65 लाख से अधिक जल कनेक्शन किए जा चुके हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने कहा कि उच्च स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग एवं समीक्षा से प्रदेश मिशन के लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जोशी ने बताया कि राजस्थान ने 40.41 फीसदी एफएचटीसी का लक्ष्य पूरा कर



लिया है। वित्तीय वर्ष (2023-24) में अभी तक 4 लाख 45 हजार 629 जल कनेक्शन किए जा चुके हैं।

जेजेएम में अभी तक कुल 16 हजार 986 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, इस मामले में राजस्थान दूसरे स्थान पर है। चालू वित्तीय वर्ष में अभी तक कुल 2,471 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके



हैं। इससे पहले पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) में कुल 14 लाख 13 हजार 679 जल कनेक्शन किए गए थे।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 जेजेएम के लिए काफी अच्छा रहा है। जनवरी से मार्च 2023 तक तीन महीनों में प्रदेश में 7 लाख 34 हजार 715 जल कनेक्शन किए गए।

### लक्ष्य से अधिक कनेक्शन कर भीलवाड़ा पहले पायदान पर


जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में जल जीवन मिशन के तय लक्ष्यों को हासिल करने में प्रदेश के पांच जिलों का प्रदर्शन सबसे उत्कृष्ट रहा है। इन टॉप 5 जिलों में भीलवाड़ा पहले स्थान पर है, जिसने तय लक्ष्य 24,710 के मुकाबले 41,314 कनेक्शन किए हैं। इसी प्रकार दौसा जिले ने तय लक्ष्य 16,865 के मुकाबले 22,876 कनेक्शन, पाली जिले ने तय लक्ष्य 10,256 के मुकाबले 16,815, झालावाड़ जिले ने तय लक्ष्य 11,865 के मुकाबले 16,290 तथा बांसवाड़ा जिले ने तय लक्ष्य 5,347 के मुकाबले 6,284 जल कनेक्शन दिए हैं। इन सभी जिलों ने अप्रेल से जून 2023 तक तय लक्ष्य से भी अधिक एफएचटीसी किए हैं।

### विषम परिस्थितियों में किया उल्लेखनीय कार्य

जलदाय मंत्री डॉ.महेश जोशी ने बताया कि राजस्थान ने तमाम विपरीत परिस्थितियों में जल जीवन मिशन में सराहनीय कार्य किया है। हमारी भौगोलिक परिस्थितियां विषम हैं। यहां के विशाल भू-भाग का अधिकतर हिस्सा मरूस्थलीय है एवं प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता भी न्यूनतम है। छितराई हुई बसावट के कारण ढाणियों तक पानी पहुंचाने के लिए अत्यधिक राशि व्यय करनी पडती है एवं समय भी अधिक लगता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रति कनेक्शन औसत खर्च 72 हजार रुपए आ रहा है। ऐसे में, 40.41 फीसदी जल कनेक्शन का माइल स्टोन पार करना उल्लेखनीय उपलब्धि है।

---

# मिश्र ने काले हनुमानजी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार शाम को चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान जी के मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। राज्यपाल ने राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र के साथ मंदिर महंत गोपाल दास जी महाराज के सानिध्य में हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने हनुमानजी से देश और प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर युवाचार्य योगेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

**जरूरी खबर**

## टेंडर नहीं होने से बेरोजगार व्या. शिक्षा प्रशिक्षक



**जयपुर।** केंद्र सरकार द्वारा राज्य के स्कूलों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के प्रशिक्षक टेंडर जारी नहीं होने से बेरोजगार हो गए हैं। प्लेसमेंट एजेंसी ने प्रशिक्षकों का टेंडर 30 जून को समाप्त कर दिया है और नया टेंडर जारी नहीं होने से कक्षा 9 से 12 तक के व्यावसयिक शिक्षा ले रहे हजारों विधार्थियो को भी शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बावजूद व्यावसायिक शिक्षा नहीं मिल पाएगी। दरअसल 2014-15 से प्रत्येक राज्य में सैकड़ों स्कूल में केंद्र सरकार की योजना पर व्यावसायिक प्रशिक्षक लगे हुए हैं। व्यावसायिक प्रशिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार बिश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित राजकीय विद्यालयों में कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों का एजेंसियों द्वारा लगाया जाता है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री ने बजट घोषणा में प्लेसमेंट एजेंसियों को हटाने की घोषणा की गई थी, जो अब तक लागू नहीं हुई। इससे शिक्षक लगातार पिछले 10 सालों से शोषण का शिकार हो रहे हैं।

## रैली निकालकर इच्छा मृत्यु की मांग करेंगे डिस्कॉमकर्मी

**जयपुर।** प्रदेश की तीनों बिजली वितरण कंपनियों में इंटर डिस्कॉम तबादले की मांग लेकर धरने पर बैठे डिस्कॉमकर्मी बुधवार को रैली निकालकर इच्छा मृत्यु की मांग करेंगे। इंटर डिस्कॉम संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामकेश मीना ने बताया कि बिजली कार्मिकों का पिछले 80 दिनों से धरना चल रहा है। प्रदेश के सभी विधायकों से गुहार लगाने के बावजूद भी केवल आश्वासन ही दिया जाता रहा है। ऐसे में अब डिस्कॉमकर्मी अपनी मांग को लेकर बुधवार को प्रदर्शन करेंगे।

**नियमों की धज्जियां उड़ाता गाड़ियों पर नंबरों को तोड़ मरोड़कर लगाने का नया ट्रेंड**

# राजधानी में खुलेआम घूम रहे BOSS, कौन काटे चालान

निरंजन चौधरी | बेधड़क

**जयपुर।** राजधानी की सड़कों पर लाल बत्ती तोड़ना और यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाना तो काफी पुरानी बात हो गई है। मगर, इन दिनों नंबर प्लेट के नंबरों को तोड़-मरोड़कर अपने हिसाब से इस्तेमाल करने का भी नया ट्रेंड चर्चाओं में है।

नए ट्रेंड के चलते लोग मनमाने नंबरों को आरटीओं से इशू करवाकर मनमाने तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं। यही कारण है कि राजधानी में BOSS के अलावा पापा और जाट जैसी नंबर प्लेट लगाकर घूमती हुई गाड़ियां आम हो गई हैं। दूसरी तरफ ट्रैफिक पुलिस का इस ओर ध्यान नहीं है। दरअसल ये लोग अपने शौक पूरे करने के चक्कर में नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसे में कई बार लोग वारदात के बाद भाग जाने पर इनकी गाड़ी के नंबरों की पहचान तक नहीं कर पाते हैं।

गौरतलब है कि अगर पुलिस की चेकिंग में इनको पकड़ भी लिया जाता है तो ये अपने आप को इन नंबरों को तोड़-मरोड़कर सही साबित भी कर देते हैं। गौरतलब है कि आरटीओं की ओर गाड़ियों के लिए निश्चित दिशा निर्देश वाली नंबर प्लेट लगाने की सलाह दी जाती है, मगर इन दिनों लोगों द्वारा इसे अपने अनुसार बाजार से नई बनवाकर गाड़ी में लगाना ट्रेंड बन चुका है।




### इन नंबरों को ऐसे कर रहे परिवर्तित

- 8055 को BOSS
- 0214 को राम
- 5772 को जाट
- 2414 को श्याम
- 4141 को पापा
- 7171 को नाना

### ऐसी नंबर प्लेट जारी करता है आरटीओ

सरकार की ओर से 1 अप्रैल 2019 से पहले रजिस्टर्ड हुए सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट और कलर कोडेड स्टीकर लगा होना जरूरी कर दिया गया था। ये प्लेट एल्यूमीनियम से बनी है। प्लेट को आरटीओ की ओर से स्नैप-ऑन लॉक के जरिए वाहन पर लगाया जाता है।

### दबदबा बनाने के लिए कर रहे ऐसा

सच बेधड़क ने ऐसे वाहन चालकों से बात की तो कई तथ्य सामने आए। एक का कहना था कि इस का अलग ही स्वैग है, वहीं दूसरे ने बताया कि इस तरह करने से दबदबा बनता है। उनका यह भी कहना था कि पीछे की नंबर प्लेट को पुलिस द्वारा बहुत ही कम चेक किया जाता है।

"नंबर प्लेट के साथ अगर कोई छेड़छाड़ करता है तो उस पर कार्रवाई होती है। नियमानुसार चालान काटा जाता है।

**विजेंद्र सिंह,** आरटीओ प्रथम

"मेरे संज्ञान में तो पिछले दो महीने से कोई ऐसा मामला नहीं आया है। मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकता।

**धर्मेंद्र चौधरी,** आरटीओ द्वितीय

**स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स:** चौगान स्टेडियम में अधूरा स्मार्ट वर्क

# 2 साल में पूरा करना था काम 4 साल में छत भी नहीं डल पाई

**कई बड़े टूर्नामेंटों का समय करीब, खिलाड़ियों को अभ्यास करने में आ रही है परेशानी**

बेधड़क | जयपुर

स्मार्ट सिटी के तहत चौगान स्टेडियम में होने वाले विकास कार्यों में रुकावट से खिलाड़ियों की तैयारी नहीं हो पा रही है। स्मार्ट सिटी के तहत चौगान स्टेडियम में भूमिगत पार्किंग, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, एसटीपी प्लांट्स, स्वीमिंग पूल निर्माण आदि कार्य होने थे।

स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने ये सभी कार्य टेंडर प्रक्रिया में दो वर्ष में पूरे होने का दावा किया था, लेकिन करीब चार साल पूरे होने के बाद भी सभी विकास कार्य अधूरे ही पड़े हुए हैं। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर छत भी नहीं डल पाई है। इससे खिलाड़ी आगामी कई बड़े टूर्नामेंट की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। राजस्थान कबड्डी एसोशिएसन के संयुक्त सचिव नेमी गुर्जर ने बताया कि कार्य दो फेज में दो साल में पूरा करना था, लेकिन चार साल बाद भी फेज एक में तो कोई निर्माण ही शुरू नहीं हुआ है। दूसरे फेज में भी 60% ही काम पूरा हुआ है। ऐसे में खिलाड़ियों को अभ्यास करने में परेशानी आ रही है, जबकि आने वाले दिनों में कई बड़े टूर्नामेंट हैं।





फोटो: राजेश कुमावत

### आ रहा तालकटोरा का पानी, खिलाड़ी कैसे करें तैयारी

स्मार्ट सिटी के तहत स्टेडियम के बाहरी मैदान में भूमिगत पार्किंग और विभिन्न खेलों के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनना था। पार्किंग तो बनकर तैयार हो गई, लेकिन कॉम्प्लेक्स का कार्य आज तक अधूरा पड़ा है। प्रेक्टिस करने आए कुछ खिलाड़ियों ने बताया कि ये स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स बारिश में भी खेल की प्रेक्टिस हो, इसके लिए बनाया जा रहा था, लेकिन अभी इसकी छत भी नहीं बन पाई है। साथ ही इसका अंडरग्राउंड लेवल तालकटोरा के समान होने के कारण उसमें पानी का रिसाव होने लगा है। ऐसे में पानी में खिलाड़ी कैसे अपने खेल की तैयारी कर पाएंगे। इसी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बैडमिंटन, मार्शल आर्ट्स, कबड्डी खेल होने हैं।



### बाहर कबाड़ का जमावड़ा

जयपुर जिला खो-खो संघ के उपाध्यक्ष कैलाश महावार ने बताया कि निर्माण कार्यों की आड़ में चौगान स्टेडियम के सारे गेट बंद कर दिए हैं। एकमात्र गेट विपरीत दिशा में खोला हुआ है। ऐसे में प्रेक्टिक्स करने आने वाले बच्चे लोहे के सरिए पार कर अंदर आ पाते हैं। ऐसे में हादसे का भी डर बना रहता है। लोगों ने बताया कि लोहे का ये कबाड़ लंबे समय से यहीं पड़ा हुआ है।

### ठेकेदार लापरवाह जिम्मेदार मौन!

कार्यों में देरी पर जब सच बेधड़क ने इसकी पड़ताल की तो पता चला कि टेंडर लेने वाले ठेकेदार की लापरवाही की वजह से कार्य अटका है। टेंडर लेने वाले एक ठेकेदार ने दूसरे किसी ठेकेदार को ये काम सौंप दिया। संसाधनों का अभाव और धीमी गति से काम होने के कारण करीब चार साल बाद भी ये काम पूरे नहीं हो पाए हैं। नियत समय पर काम पूरी नहीं करने पर नियमों के आधार पर पेनल्टी का भी प्रावधान है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से आज तक न तो विकास कार्यों की सुध ली गई ना हीं ठेकेदार पर कोई कार्रवाई हुई है।

**मेयर ने किया औचक निरीक्षण**

# प्लास्टिक थैली मिलने पर वसूला 41900 रुपए कैरिंग चार्ज



बेधड़क | जयपुर

शहर में 2023 में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर हेरिटेज नगर निगम अब जागरूक हो रहा है। सर्वेक्षण में रैंकिंग सुधारने के लिए हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर शहर को साफ रखने के लिए सख्त कदम उठा रही है। इसी अभियान में मंगलवार को निगम की स्वास्थ्य टीम ने परकोटे के बाजारों में औचक निरीक्षण किया और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई की। प्लास्टिक थैली मिलने पर टीम ने बाजारों में कार्रवाई करते हुए व्यापारियों से 41900 रुपए कैरिंग चार्ज के रूप में वसूल भी किए।

### अतिक्रमण हटाया

उधर, उपायुक्त मनीषा यादव के निर्देशन में सतर्कता शाखा ने मंगलवार को परकोटे के मुख्य बाजारों व प्रमुख मार्गों से अस्थाई अतिक्रमण हटाए। निगम हेरिटेज के अस्थायी अतिक्रमण दस्ते ने मय पुलिस जाप्ता के रेलवे स्टेशन, सिंधी कैम्प सहित अनेक स्थानों में कार्रवाई कर अस्थाई अतिक्रमण हटाए और मौके पर 3 ट्रक सामान जब्त कर जनता मार्केट गोदाम में जमा करवाया।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें ।

### सावन के पहले दिन शिवजी का अभिषेक



*जयपुर। सावन के पहले दिन मंगलवार को शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। लोगों ने शिव का जलाभिषेक किया। फोटो झारखंड महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालुओं की है। -फोटो: राजेश कुमावत*

**खिरनी फाटक, मालवीय नगर, सिरसी रोड इलाकों में पानी से लगा जाम**

# अंडरपास में 5 फीट भरा पानी बना परेशानी

बेधड़क | जयपुर

मानसून की शुरूआत के साथ ही शहरवासियों की सुविधा के लिए बने अंडरपास अब परेशानी का सबब बन गए हैं। बारिश के कारण अंडरपासों में पांच से सात फीट तक का पानी जमा हो गया है। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।



लोगों को लम्बा रास्ता अपना कर जाना पड़ रहा है। जो अंडरपास से गुजर रहे हैं, वे पानी में फंस रहे हैं। शहर के खिरणी फाटक और मालवीय नगर अंडरपास में पानी जमा होनें की ज्यादा दिक्कतें आ रही है। ये दोनों अंडरपास वाहनचालकों के लिए मुख्य मार्ग को जोड़ने के हिसाब ये महत्वपूर्ण भी है।

इन अंडरपास में पानी निकाले का कोई भी नाला नहीं होने से यहां करीब पांच से सात फीट तक पानी जमा हो रहा है। खिरणी फाटक पर सोमवार को भी एक बुजुर्ग महिला बाइक से गिर कर गम्भीर घायल हो गई। स्थानीय निवासी शिव शंकर शर्मा और रामेश्वर मीणा ने बताया कि अंडरपास का पानी पम्प के जरिए निकालने और सफाई कराने के लिए स्थानीय पार्षद और विधायक को कई बार शिकायत दी, लेकिन कोई भी कार्रवाई आज तक नहीं हुई।

मालवीय नगर अंडरपास में तो तेज बारिश में 10 फीट से ज्यादा पानी का भराव हो जाता है। इसमें कई बार बस और ट्रक जैसे भरी वाहन भी फंस चुके हैं।

**पूर्वानुमान के प्राचीन तरीके आज भी प्रासंगिक**

# वर्षा कब और कितनी होगी, इसका प्रकृति भी देती है संकेत

गोपाल शर्मा। बेधड़क

**जयपुर।** आज मौसम का पूर्वानुमान लगाने में तकनीक मददगार बन रही है। सेटेलाइट व अन्य उपकरणों के माध्यम से पता लगा लिया जाता है कि आगामी मौमस कैसा रहेगा, लेकिन इन सबके बीच अनेक बार देखने में आता है कि मौसम के पूर्वानुमान को लेकर की गई भविष्यवाणी फेल हो जाती है। वहीं, प्राचीनकाल में जब इतने संसाधन नहीं थे तब केवल प्रकृति के लक्षणों के आधार पर मौसम का पूर्वानुमान लगाया जाता था, जो कि आज भी प्रांसगिक है। प्रकृति में जो लक्षण दिखाई देते हैं उनके आधार पर बारिश का सटीक अंदाजा लगाया जा सकता है। इसको लेकर एक तरफ जहां शास्त्रों में कई प्राचीन विधियां उपलब्ध हैं, वहीं अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं में प्रकृति के उन लक्षणों का उल्लेख किया है, जिनसे अनुमान लगाया जा सकता है कि बारिश कब और कितनी होगी। पीपलेश्वर महादेव मंदिर के महंत एवं ज्योतिषी पं. केदारनाथ दाधीच ने बताया कि भारतीय धर्मशास्त्रों में अनेक पद्धतियां बताई गई हैं, जिनसे कब, कितनी बारिश होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।



### दोहों में वर्षा के लक्षण

**अम्बा झोर चले पुरवाई, तब जानों वर्षा ऋतु आई:** इस दोहे में बताया गया है कि पूर्व दिशा से तेज हवाएं चलने लगे तो समझो वर्षा ऋतु शुरू होने वाली है। **पावस आवत देखकर कोयल साधी मौन, अब दादुर वक्ता भए हमको पूछत कौन:** इस दोहे में बताया गया है कि जब वर्षाकाल नजदीक आता है तो कोयल मौन साध लेती है। इस समय मेंढकों की टर्र-टर्र शुरू हो जाती है। **कलशे पानी गरम होय, चिड़ी जो न्हावे धूर, चींटी ले अंडा चढ़े तब हो वर्षा भरपूर:** इस दोहे में बताया गया है कि जब कलश में पानी ठंडा नही हो, चिड़िया धूल में नहाती दिखे। चीटिंयों का झूंठ अंडा लेकर ऊपर की तरफ जाता दिखाई दे तब भारी वर्षा होने का संकेत मिलता है।

### पेड़-पौधे और जीव-जंतु भी देते हैं संकेत

पेड़-पौधे और जीव-जंतुओं में होने वाले परिवर्तनों से भी मौसम का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। इनसे भी ऐसे संकेत मिलते हैं जो सटीक अनुमान बताते हैं। किसी भी ऋतु के आगमन का प्रकृति में भी परिवर्तन दिखाई देता है। ऐसे परिवर्तन वर्षा ऋतु शुरू होने पर भी दिखाई देते हैं। जैसे वर्षाकाल शुरू होने वाला होता है तो गाय के गोबर में कीड़े पड़ जाते हैं। गोवंश पर मक्खियों के झुंड दिखाई देने लगते हैं। करूंजे और कैर पकते हैं। गृहिणियों को भी वर्षा का पूर्वानुमान हो जाता है। जब वर्षाकाल शुरू होने वाला हो तो आटा कितना भी टाइट गूंथा जाए वह नरम पड़ जाता है।

**विधायकपुरी थाने का मामला**

# विदेशी महिला से छेड़छाड़ आरोपी पुलिस गिरफ्त में

बेधड़क | जयपुर

विधायकपुरी थाना इलाके में सड़क पर चल रही एक विदेशी महिला पर्यटक के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर देर रात आरोपी को बीकानेर के नोखा से गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में थानाधिकारी भरत सिंह राठौड़ ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुआ विडियो इलाके के मोतीलाल अटल रोड का है। स्पेशल टीम ने आरोपी की पहचान बीकानेर के नोखा निवासी कुलदीप सिंह के रूप में की थी। पुलिस आरोपी को बीकानेर से ला रही है। आरोपी से जयपुर में पूछताछ की जाएगी।



गौरतलब है कि विडियो को दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया पर टैग किया था। 10 दिन पुराने वीडियो में एक विदेशी महिला अपने साथी के साथ पैदल होटल जा रही है। तभी एक व्यक्ति साथ चलने लगता है। बातचीत करते हुए उसके गले में हाथ डाल लेता है और गलत तरीके से छूता है। महिला आपत्ति जताती है। इसके बावजूद भी भी वह छेड़छाड़ करते हुए होटल तक चला गया था।

## जरूरी खबर

### महिला ने रेलवे स्टेशन पर दिया बच्ची को जन्म



**चूरू।** डॉक्टर को दिखाने आई एक 9 महीने की गर्भवती महिला ने चूरू के रेलवे स्टेशन पर ही बच्ची को जन्म दे दिया। जानकारी के अनुसार सरिता (24) पत्नी हरिराम 9 महीने की गर्भवती थी। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे उसे पेट दर्द हुआ तो उसकी मां और पिता डॉक्टर को दिखाने चूरू आए। दोपहर 2.30 चूरू प्लेटफार्म नंबर-4 पर उतरे तो सरिता को लेबर पैन शुरू हो गया। यहां एक महिला रेलवे कर्मी ने रेलवे अस्पताल के नर्सिंग सुपरिटेंडेंट पुनीत पारीक को जानकारी दी। वे तुरंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सुरक्षित डिलीवरी कराई।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**डूंगरपुर।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के सीमलवाड़ा-मांडली मार्ग पर मंगलवार को झलाब मोड़ के पास सड़क के बीच एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत का अंदेशा जताया है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को सीमलवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और उसकी पहचान के प्रयास कर रही है। सड़क के बीचोंबीच युवक को लहूलुहान हालत में देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक की तलाशी में पुलिस को ऐसा कुछ नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके।

### भजनों की रसधार से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



**झालावाड़।** जिले के प्रसिद्ध कामखेड़ा बालाजी महाराज मंदिर में गुरु पूर्णिमा के मौके पर आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदसौर से आईं भजन गायिका अनुष्का व निष्ठा ने हनुमान और बाबा श्याम के भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कैलाश मीणा, युवा कांग्रेस नेता गिर्राज मीणा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी भजन संध्या में शिरकत की। दोनों भजन गायिका बहनों ने छम-छम नाचे देखो वीर हनुमाना..., अर्जी हमारी मर्जी तुम्हारी..., हारा हूं बाबा मुझे तुझ पर भरोसा है..., बाबा तू मेरा में तेरा..., घुमा दे म्हारा बालाजी घम्मर-घम्मर घोटो... जैसे भजनों की प्रस्तुतियां दी।

## संपत्ति का बंटवारा नहीं हो इसके लिए की देवर के बेटे की हत्या, झूले में सुलाकर पड़ोस में गई थी मां

# मासूम की ताई ने ही पानी की बाल्टी में डुबोकर छीनी सांसें

बेधड़क | पाली

जिले में एक दिल दहला देने व इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। सात माह के मासूम के लिए उसकी ताई ही काल बन गई और बच्चे को पानी की बाल्टी में डुबोकर उसकी सांसें छीन ली।

संपत्ति का बंटवारा नहीं हो इसके लिए आरोपी महिला ने अपने ही देवर के मासूम बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार शाम को आरोपी ताई को गिरफ्तार कर लिया। यह मामला न्यू कॉलोनी में 2 जुलाई की शाम का है। सीओ जैतारण सीमा चौपड़ा ने बताया कि उगमराज चौहान के 7 महीने के बेटे ब्रह्मास (गुनु) का घर में ही पानी की बाल्टी में शव मिला था। इसके बाद परिवार के लोगों ने आरोपी को पकड़ने की मांग कर धरना-प्रदर्शन किया था।

पुलिस ने सोमवार देर रात हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान बच्चे के माता-पिता ने दो सदस्यों पर गुनु की हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस पूछताछ के दौरान बच्चे की ताई गुडिया पत्नी उत्तमचंद चौहान (माली) ने हत्या करना कबूल कर लिया। सूत्रों ने बताया कि आरोपी गुड़िया की शुरू से ही अपनी देवरानी शोभा से नहीं बनती है। गुड़िया के दो बेटे और एक बेटी



थी। वह एक बेटे को देवर को गोद देना चाहती थी, जिससे कि संपत्ति का बंटवारा नहीं हो। वहीं हत्या का दूसरा कारण यह भी रहा कि शोभा के बेटा होने पर सास-ससुर उसे ज्यादा इज्जत देने लग गए थे।

### रिश्तेदारी के कार्यक्रम में गई थी मां

मासूम की मां रिश्तेदार के यहां मोहल्ले में ही कार्यक्रम में गई थीं। आरोपी गुड़िया ने जब अपनी देवरानी को वहां खाना खाते हुए देखा तो वह तुरंत घर आई। उसने मासूम को कमरे से निकाला और पानी की बाल्टी में डुबोकर तुरंत वापस कार्यक्रम में पहुंच गई। घटना के समय आरोपी महिला के सास-ससुर घर की पहली मंजिल पर हो रहे निर्माण कार्य की देख-रेख कर रहे थे। ऐसे में उन्हें भी पता नहीं चला कि गुड़िया कब आकर वारदात को अंजाम देकर चलीं गईं। बच्चे के पिता उगमराज चौहान ने पुलिस को बताया था कि कार्यक्रम में शामिल होने वे भी अपने परिवार के साथ गए थे।

### पिता घर आए तो नहीं दिखा मासूम

बच्चे का पिता शाम करीब पौने 5 बजे घर आया तो बच्चा नजर नहीं आया। पड़ोस में जाकर पत्नी को बताया कि बेटा कमरे में नहीं है। इस पर पत्नी, बेटी के साथ घर आई और तलाश की। इस दौरान एक कमरे में पानी की बाल्टी में बच्चा उल्टा पड़ा मिला।

### परिवार के लोगों को रो-रोकर बुरा हाल

इस घटना के बाद बच्चे के माता-पिता से लेकर परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। बच्चे के पिता ने बताया कि शादी के बाद उन्हें एक बेटी कोमल हुई, जिसकी उम्र 10 साल है। बेटे की चाह में कई डॉक्टर्स से इलाज लिया था। मंदिरों में प्रार्थना की थी, तब जाकर बेटा हुआ था। परिवार बहुत खुश था, लेकिन रंजिश के चलते हमारे लाडले को बेरहमी से मार डाला। मासूम के परिवार और समाज के लोगों ने सरपंच महेंद्र चौहान के नेतृत्व में बर हॉस्पिटल के बाहर धरना भी दिया था।

## 'सच बेधड़क' के जोधपुर कार्यालय का उद्‌घाटन

# जोधपुर में जनता के भरोसे पर उतरेंगे खरा: विनायक

## इसी महीने लॉन्च होगा जोधपुर संस्करण: शर्मा

बेधड़क | जोधपुर

'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा मंगलवार को जोधपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने यहां 'सच बेधड़क' के जोधपुर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इसी माह से सच बेधड़क अखबार के जोधपुर संस्करण की शुरुआत होगी। इस दौरान फाउंडर विनायक शर्मा ने नए संस्करण की तैयारियों का जायजा भी लिया। इस मौके पर उनके साथ 'सच बेधड़क' के वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा व ओएसडी मिताली यादव भी साथ थे

जोधपुर कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर जोधपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय अस्थाना, समाजसेवी राजू व्यास, आरटीआई एक्टिविस्ट नंदलाल व्यास, पत्रकार अचल सिंह मेड़तिया, मार्केटिंग हेड अशोक कुमार कल्ला व अन्य लोगों ने विनायक शर्मा व अन्य अतिथियों का साफा पहनाकर स्वागत किया।

वहीं जोधपुर ब्यूरो चीफ अरुण हर्ष ने स्मृति चिह्न भेंट किए। इस मौके पर फाउंडर विनायक शर्मा ने जोधपुर की सांस्कृतिक धरोहर की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजस्थान में जयपुर के बाद जोधपुर एक ऐसा शहर है जहां हर व्यक्ति को आना चाहिए। यहां का अपनापन और मेहमान नवाजी दुनियाभर में प्रसिद्ध है।

इस दौरान उन्होंने बहुत ही कम समय में लोकप्रिय हुए 'सच बेधड़क' न्यूज चैनल के प्रति भी लोगों के प्यार और प्रेम का आभार जताया। विनायक शर्मा ने कहा कि इसी महीने जोधपुर में 'सच बेधड़क' अखबार लांच किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने जोधपुर की जनता से स्नेह और आशीर्वाद की उम्मीद जताई। विनायक शर्मा ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास रहेगा जोधपुर की जनता की अपेक्षाओं पर सच बेधड़क खरा उतरे। सच बेधड़क अखबार यहां के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए जनता और सरकार के बीच में सेतु का कार्य करेगा।



फोटो: मनोज गिरी





### विभिन्न संगठनों राजस्थानी परंपरा से किया स्वागत

जोधपुर दौरे के दौरान होटल प्रेसिडेंट में राजनीति से जुड़े लोगों, व्यापारी वर्ग व कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने फाउंडर विनायक शर्मा का स्वागत किया। राजस्थानी परंपरा के अनुसार मारवाड़ी साफा और माला पहनाकर स्वागत किया और आगामी कार्ययोजना के लिए बधाई दी। इस मौके पर जोधपुर के प्रतिष्ठित लोगों ने विनायक शर्मा को सच बेधड़क चैनल और अखबार की उत्तरोत्तर तरक्की को लेकर भी व शुभकामनाएं दी। विनायक शर्मा ने 'पत्रकारिता और पत्रकारिता के सोर्स' विषय पर व्याख्यान में कहा कि पत्रकारिता आज से नहीं अपितु वैदिककाल से चली आ रही है।

**इन्होंने भी किया स्वागत:** फाउंडर विनायक शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा व उनकी टीम का भाजपा के पवन आसोपा, कांग्रेस के मनीष लोढा, प्रेम शंकराचार्य, व्यापार संगठन के अध्यक्ष नवीन सोनी, मुकेश सोनी, मारवाड़ प्रेस क्लब के सचिव इम्तियाज अहमद, सचिव मनोज गिरी, मनीष दाधीच, विक्रम दत्त, सुनील दत्त, मोहित हेड़ा, धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र बड़गूजर, दीपक बूब, कमल भावनानी, निश्चल सोलंकी, तरुण, सुरेश शर्मा, खुशी शर्मा, माधव मारू, संवाददाता गिरीश दाधीच ने स्वागत किया। प्रसिद्ध हस्तरेखा विशेषज्ञ पूजा शर्मा ने विनायक शर्मा को कटार भेंट की।

## उदयपुर एसीबी टीम ने कार्रवाई को दिया अंजाम

# वन अधिकारी नौकर के जरिये ले रहा था घूस, एसीबी ने दबोचा

बेधड़क | चित्तौड़गढ़



प्रदेश में एक तरफ जहां एसीबी भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है वहीं घूसखोर अधिकारी रिश्वत के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला चित्तौड़गढ़ में सामने आया है, जहां भ्रष्ट क्षेत्रीय वन अधिकारी ने रिश्वत लेने के लिए अपने नौकर का इस्तेमाल किया। परिवादी से जैसे ही नौकर ने 60 हजार रुपए घूस की राशि हाथ में दी तो टीम ने तुरंत दोनों को दबोच लिया। इस कार्रवाई को उदयपुर एसीबी की टीम ने अंजाम दिया। दोनों आरोपियों को जिला मुख्यालय ला कर उनसे पूछताछ की जा रही है। उदयपुर एसीबी टीम के इंस्पेक्टर आदर्श कुमार ने बताया कि परिवादी भगवान लाल कुमावत लकड़ी खरीद-फरोख्त का काम करता है। अब्दुल सलीम क्षेत्रीय वन अधिकारी बस्सी ने 25 मई को परिवादी के लकड़ी से भरे वाहन को रोका लिया था।

उस समय रेंजर अब्दुल सलीम ने 1 लाख रुपए लिए थे और उसके बदले केवल 25 हजार रुपए की रसीद दी थी। रेंजर अब्दुल सलीम ने इस कारोबार को निर्बाध तरीके से चलाने की एवज में 1 लाख रुपए मासिक बंधी की मांग की। उसके बाद वह 60 हजार रुपए मासिक पर बात तय हो गई। एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन मंगलवार को कराया।

एसीबी ने मंगलवार को रिश्वत की राशि के साथ फरियादी भगवान लाल को रेंजर सलीम के सरकारी निवास पर भेजा। रेंजर इतना शातिर निकला की उसने रिश्वत लेने के लिए अपने घरेलू नौकर मदनलाल गुर्जर को बुलाया और परिवादी को उसे रुपए देने को कहा।

## मंत्री धारीवाल 9 को करेंगे लोकार्पण

# चटकारे के शौकीन लोगों के स्वागत को तैयार 'कोटा चौपाटी'




बेधड़क | कोटा

जयपुर चौपाटी की तर्ज पर बनी 'कोटा चौपाटी' अब चटकारे के शौकीन कोटावासियों के स्वागत को पूरी तरह से तैयार है। जल्द ही लोगों को एक ही जगह पर अनेक तरह के लजीज व्यंजनों का स्वाद मिल सकेगा।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल 9 जुलाई को इसका लोकार्पण करेंगे। इससे पहले चौपाटी का शुभारंभ 28 जून को होना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों के चलते कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि जयपुर के मानसरोवर और प्रताप नगर में बनी 'जयपुर चौपाटी' राजधानी के स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के लिए हॉट डेस्टिनेशन बन चुकी है। कोटा में विकसित 'कोटा चौपाटी' भी शहर के लिए लैंडमार्क साबित होगी।

उन्होंने कहा कि कोटावासी चौपाटी में 3 दर्जन से ज्यादा व्यंजन व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। इसमें कुल 17 दुकानों एवं 4 कियोस्कों का निर्माण किया गया है, जहां इंडियन, इटालियन, कॉन्टिनेंटल व्यंजन आमजन के लिए उपलब्ध हो सकेंगे।

### दुष्कर्म पीड़िता धरने पर बैठी

**भरतपुर।** जिले के रूपवास थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता के साथ तीन लोगों ने बेटी की शादी के लिए लोन दिलाने के नाम पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ थाने में 1 साल पहले मामला भी दर्ज करा दिया, लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता का आरोप है कि उस पर राजीनामा का दबाव भी बनाया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़िता मंगलवार को दोबारा कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठ गई।

पीड़िता ने चेतावनी दी है कि 5 दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वो आत्महत्या कर लेगी। पीड़िता ने बताया कि मई 2022 को उसकी बेटी की शादी होनी थी। इसके लिए लोन लेने के लिए कस्बा निवासी मक्खन के कार्यालय गई। वहां से आरोपी उसे नवनीत डागुर के घर ले गया और डरा धमका कर दुष्कर्म किया। आरोपियों ने पीड़िता के घर के बाहर एक व्यक्ति को हथियार के साथ बैठा दिया और बच्चों के अपहरण की धमकी देने लगे।

## शंकर मीणा हत्याकांड का खुलासा

# रायल्टी नाके के आदमियों ने लाठियों से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

■ पुलिस ने आठ कार्मिकों को किया गिरफ्तार

बेधड़क | टोंक

जिले के पीपलू थाना क्षेत्र में 27 जून की रात ट्रैक्टर चालक शंकर मीणा की निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा कर कर दिया है। इस मामले में बजरी रॉयल्टी नाके के 8 कार्मिकों को गिरफ्तार किया है। वहीं शेष आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं।

इस हत्याकांड में पुलिस रॉयल्टी नाकों के मालिक, मैनेजर और लीज धारकों की भी संलिप्तता को लेकर जांच में जुटी है। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर रविवार 2 जुलाई को इस मामले की जांच पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि 27 जून की रात करीब 10:30 बजे पीपलू थाना अंतर्गत गाता-डोडवाडी रोड पर ट्रैक्टर चालक शंकर मीणा की हत्या कर दी गई थी। इसके विरोध में दो दिन तक धरना प्रदर्शन हुआ।



इसके बाद 29 जून को मृतक के भाई पिंटू मीणा की ओर से दी गई रिपोर्ट पर थाना पीपलू में मुकदमा दर्ज कर जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश बैरवा को सौंपी गई।

एडीजी एमएन ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए एसआईटी गठित की गई। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेम सिंह, आशाराम चौधरी, राजेश मलिक, पुलिस निरीक्षक हनुमान सिंह, रविंद्र यादव व राम सिंह, एएसआई रामकरण और कांस्टेबल रतीराम शामिल थे।

### पुलिस ने इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

एसआईटी ने तकनीकी अनुसंधान कर आरोपियों की घटनास्थल पर मौजूदगी का पता लगाया। इसके बाद मामले का खुलासा करते हुए टीम ने 8 आरोपियों नीमकाथाना सीकर निवासी सागरमल चौधरी, राकेश उर्फ शेरा जाट, सुरेंद्र गुर्जर, राजेंद्र उर्फ मुकेश जाट व अभिषेक कुमावत, जोबनेर निवासी महेंद्र सिंह, बानसूर निवासी मुकेश तंवर और सीकर निवासी सतवीर सिंह को गिरफ्तार किया गया। एडीजी ने बताया कि सभी आरोपी रॉयल्टी नाकों के प्राइवेट कर्मचारी हैं, जो क्षेत्र में अवैध रूप से गश्त और धरपकड़ करते हैं। घटना के दिन रॉयल्टी नाका पर बजरी के चार ट्रेक्टर आने की सूचना पर आरोपी सागरमल चौधरी ने अलग-अलग रॉयल्टी नाकों से अपने आदमियों को बुलाया।

### शंकर मीणा से रास्ते में मारपीट कर की हत्या


रात 10:30 बजे शंकर मीणा और एक अन्य व्यक्ति अपने ट्रैक्टर की लाइट बंद कर के चल रहे थे। इसी बीच शंकर के दोस्त शक्ति सिंह ने कॉल कर उसे आगाह किया कि आगे रॉयल्टी नाके के आदमी खड़े हैं। सूचना पर शंकर ने ट्रैक्टर से बजरी खाली कर दी और खाली ट्रैक्टर लेकर आगे बढ़ा। तभी बांई तरफ से रॉयल्टी नाका कार्मिकों ने शंकर के ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इस टक्कर से शंकर मीणा का ट्रैक्टर दाईं तरफ घूम कर सड़क के नीचे खेत मे सीमेंट के पोल टकरा कर रुक गया। आरोपियों ने शंकर मीणा को ट्रैक्टर से नीचे उतारा और उसकी लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

## अपॉर्च्युनिटी: प्रोफेशनल्स की बढ़ती मांग को देखते हुए लॉन्च किया ऑनलाइन कोर्स

# अब IIT गुवाहाटी से पढ़ो डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस

बेधड़क | जयपुर

लगातार बढ़ती डेटा साइंटिस्ट्स और एआई स्पेशलिस्ट्स की मांग को देखते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) गुवाहाटी ने डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक ऑनलाइन बीएससी पाठ्यक्रम शुरू किया है।



संस्थान ने एक विज्ञप्ति जारी कर इस संबंध में जानकारी दी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि शिक्षण मंच 'कोर्सेरा' पर उपलब्ध कराया जाने वाला ऑनलाइन डिग्री पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों को तेजी से उभरते डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए तैयार करेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 में युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए तेजी से उभरते मशीन लर्निंग, एआई और डेटा विश्लेषण जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में पेशेवरों को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' की 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स' रिपोर्ट के अनुसार एआई और मशीन लर्निंग विशेषज्ञों, डेटा विश्लेषकों और डेटा वैज्ञानिकों सहित तकनीकी नौकरियों में 2028 तक 30 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने की उम्मीद है।

### यूजीसी ने गुरुपूर्णिमा पर लॉन्च किए चार बौद्ध स्टडी कोर्स

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बौद्ध अध्ययन के चार पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। ये पाठ्यक्रम 'स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग माइंड्स (स्वयं)' के माध्यम से लॉन्च किए गए हैं। पाठ्यक्रम लॉन्च करते हुए यूजीसी अध्यक्ष ममीडाला जगदेश कुमार ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। इस दिन के महत्व को ध्यान में रखते हुए, यूजीसी ने बौद्ध अध्ययन पर चार स्वयं पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण खोल दिया है। इनमें से तीन पाठ्यक्रमों को शिक्षार्थियों की भारी मांग को देखते हुए फिर से चलाया गया है वहीं एक नया पाठ्यक्रम इनमें शामिल किया गया है। यूजीसी की ओर से शुरू किए गए ये पाठ्यक्रम हैं, भारतीय बौद्ध धर्म का इतिहास, बौद्ध दर्शन, अभिधम्म (पाली) और बौद्ध पर्यटन। ये पाठ्यक्रम नि:शुल्क हैं और प्रत्येक में 4 क्रेडिट होंगे। छात्र यूजीसी स्वयं नियम-2021 के अनुसार क्रेडिट ट्रांसफर कर सकेंगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम 15 सप्ताह और 40 घंटे की अवधि का होगा। इनके लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। इन पाठ्यक्रमों की शुरूआत 1 अगस्त को होगी और ये 14 नवंबर तक चलेंगे। गौरतलब है कि भारतीय ज्ञान प्रणाली के पाठ्यक्रमों के लिए भी स्वयं पाठ्यक्रम पंजीकरण हाल ही में शुरू किया गया था।

## Yuva स्टोरीज



**गुरुजनों के प्रति कृतज्ञ हो मनाई गुरु पूर्णिमा |**
**जयपुर।** सांगानेर स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुजनों को उनकी अमूल्य शिक्षाओं के लिए आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से विविध गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। उत्सव की शुरुआत प्री-प्राइमरी कक्षाओं द्वारा आयोजित श्रद्धापूर्ण पूजा अनुष्ठान के साथ हुई। एक्सप्रेशंस क्लब की ओर से कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए संदेशपरक कार्ड निर्माण गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों ने सुंदर कला कौशल के साथ अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित करते हुए अपने गुरुजनों के लिए न केवल सुंदर कार्ड डिजाइन कर उनमें निहित संदेशों द्वारा अपने मनोभाव व्यक्त किए। गुरु पूर्णिमा पर्व पर आयोजित विविध गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों ने शैक्षणिक विकास के साथ-साथ नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने, उनके प्रति कृतज्ञता, सम्मान और गुरु-शिष्य संबंध के महत्त्व को जाना।



**IIS यूनिवर्सिटी का IELTS के साथ एमओयू |**
**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स आईईएलटीएस परीक्षा तिथि के लिए सीटें प्री बुक व ब्लॉक कर सकेंगे। आईआईएस यूनिवर्सिटी व आईईएलटीएस के बीच इस संबंध में आईडीपी के माध्यम से एमओयू हुआ है। आईआईएस यूनिवर्सिटी के चासंलर डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि इस एमओयू से आईआईएस यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के लिए ओवरसीज एजुकेशन के दरवाजे खुल गए हैं। आईआईएस यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने बताया कि अब स्टूडेंट्स आईईएलटीएस परीक्षा तिथि के लिए सीटें प्री बुक और ब्लॉक कर सकेंगे। गौरतलब है कि आईईएलटीएस के को-ओनर 60 देशों में अपने परीक्षण केंद्रों का प्रबंधन कर रहे हैं।

**जया का आईआईटी बॉम्बे में चयन |**



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के आमेर उपखण्ड के गांव सालड़वास चंदवाजी निवासी जया मीणा पुत्री दौलतराम का आईआईटी कॉलेज बॉम्बे के लिए चयन हुआ है। जया की माता गुलाब कुमारी ने बताया, कि जया शुरू से मेधावी छात्रा रही है। उन्होंने कक्षा 12 में 96 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए थे। जया का आईआईटी में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों ने जया की इस उपलब्धि पर जया का अभिनन्दन किया। आमेर विधायक व उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पुनिया, पीसीसी सचिव प्रशान्त सहदेव शर्मा, भाजपा नेता महेन्द्रपाल मीना, पूर्व डीजीपी गोपाल लाल मीणा सहित अनेक लोगों ने जया को बधाई दी है।

**साहिल की आईएफएस में दूसरी रैंक |**



**जयपुर।** जयपुर निवासी साहिल पोसवाल ने यूपीएससी की ओर से आयोजित भारतीय वन सेवा परीक्षा-2022 में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। साहिल ने यह सफलता अपने चौथे प्रयास में प्राप्त की। साहिल ने आईआईटी बीएचयू से बीटेक की है। रघु विहार महारानी फार्म, दुर्गापुरा निवासी साहिल के पिता शिवचरण सिंह गुर्जर डॉक्टर हैं और सरकारी सेवा में महवा दौसा में कार्यरत हैं। उनकी माता एडवोकेट संजू रानी पूर्व सरपंच रही हैं। बहन मोहिनी पोसवाल पेशे से डॉक्टर हैं व डीएसपी देशराज गुर्जर की पत्नी हैं। साहिल बचपन से ही पढ़ाई में होनहार रहे हैं। उन्होंने अपनी 12वीं तक की पढ़ाई जयपुर के रुक्मणि बिरला हाई स्कूल से की है। सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में साहिल ने देश के टॉप 1 प्रतिशत स्टूडेंट्स में जगह बनाई थी।

## सरोकार: क्राउडफंडिंग से जमा धन से मिलेगा मिड डे मील

# बच्चों के निवाले को 133 स्टूडेंट्स ने जुटाए 42 लाख

बेधड़क | जयपुर

आज के तकनीकी युग में बड़े हो रहे बच्चे अपने तकनीकी ज्ञान का उपयोग समाज के लिए कर नए बेंचमार्क सेट कर सकते हैं और वंचितों का सहारा बन सकते हैं, इसका एक जीता जागता उदाहरण बने हैं जयपुर के 133 स्कूल स्टूडेंट्स।

ये जयश्री पेरिवाल इंटरनेशनल स्कूल के स्टूडेंट्स हैं और इन्होंने एक ऑनलाइन क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए 42 लाख रुपए से ज्यादा जुटाए हैं जिनका उपयोग अक्षय पात्र फाउंडेशन के माध्यम से राज्य के सरकारी स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए होगा। टॉप 4 स्टूडेंट्स ने 6 लाख 70 हजार से अधिक राशि जुटाई है।

जयश्री पेरिवाल इंटरनेशनल स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर आयुष पेरिवाल ने बताया कि एक शिक्षक होने के नाते मुझे जेपीआईएस के अपने स्टूडेंट्स पर बड़ा गर्व है। अक्षय पात्र के साथ मिलकर इन स्टूडेंट्स ने राजस्थान के बच्चों के मिड डे मील के लिए फ्यूल अ ड्रीम के माध्यम से एक क्राउडफंडिंग कैम्पेन लॉन्च किया था।




### तीन सप्ताह में ही वृक्ष बना बीज

जेपीआईएस के 133 स्टूडेंट्स ने महज तीन सप्ताह पहले 'फ्यूल अ ड्रीम' क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए फंड जुटाने के अभियान की शुरुआत की थी। हर विद्यार्थी का लक्ष्य 27 हजार रुपए जुटाने का रखा गया था। अभियान शुरू होने के बाद लोगों के सपोर्ट का आलम ये रहा कि टॉप कलेक्टर स्टूडेंट जसनाम सिंह अरोड़ा ने अपने लक्ष्य से 868 प्रतिशत अिधक राशि जुटाई है। क्राउडफंडिंग कैम्पेन को विभिन्न लोगों और संगठनों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इस राशि की मदद से प्रदेश के सरकारी स्कूलों के 2806 विद्यार्थियों को एक वर्ष तक मिड डे मील के तहत निशुल्क भोजन मिल पाएगा।

इस कैम्पेन में न सिर्फ स्टूडेंट्स का समर्पण और कौशल नजर आया, बल्कि उन्हें परियोजना प्रबंधन, मार्केटिंग एवं टीम में काम करने का व्यावहारिक अनुभव भी मिला। इस कैम्पेन के माध्यम से मिला सहयोग लाभार्थी विद्यार्थियों के जीवन में बदलाव लाने वाला असर डालेगा और अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा व पोषण को उनके लिये सुलभ बनाएगा।

चीफ सस्टेनेबिलिटी एंड कम्युनिकेशन ऑफीसर अनंत अरोड़ा ने कहा कि संवेदना की कोई सीमा नहीं होती है और जयश्री पेरिवाल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह साबित किया है। उनकी लगातार कोशिशों और अटूट समर्पण के चलते न सिर्फ एक बड़ी धनराशि मिली है, बल्कि हजारों बच्चों की आशाओं और सपनों को बढ़ावा भी मिला है। अक्षय पात्र फाउंडेशन को सहयोग देकर यह संवेदनशील विद्यार्थी एक उज्जवल भविष्य के बीज बो रहे हैं, जिसमें कोई बच्चा भूखा नहीं रहेगा और हर बच्चा आगे बढ़ेगा।

### ये हैं टॉप फंड कलेक्टर स्टूडेंट्स




*जसनाम सिंह अरोड़ा,₹234453*



*आद्या झुनझुनवाला,₹229400*



*फ्रयाष्ति अरोड़ा,₹ 104300*



*अमायरा शर्मा,₹102201*



## 3200 सीटों के लिए 14 हजार आवेदन

# URATPG 8 से 15 जुलाई तक

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली URATPG परीक्षा 8 से 15 जुलाई तक होगी। करीब 3200 सीटों के लिए होने वाली परीक्षा के लिए 14 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। परीक्षा दो-दो घंटे की 4 शिफ्ट में आयोजित होगी। एग्जाम के एक घंटे बाद ही उसकी आंसर की अपलोड कर दी जाएगी। इस पर आपत्ति होने पर स्टूडेंट अपनी आपत्ति 48 घंटे में दर्ज करा सकेंगे। 20 जुलाई को फाइनल आंसर की जारी कर दी जाएगी और 22 जुलाई तक इस एग्जाम का रिजल्ट जारी होगा। इसके बाद दोबारा आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। गौरतलब है कि एक स्टूडेंट पांच पीजी कोर्सेज में एडमिशन के लिए टेस्ट दे सकता है। इस टेस्ट की मैरिट लिस्ट के आधार पर स्टूडेंट्स को प्रवेश दिया जाएगा। अगस्त के तीसरे सप्ताह में कक्षाएं शुरू होने की संभावना है।

### ये रहेगा एग्जाम टाइम टेबल

8 जुलाई को इकोनॉमिक्स, संस्कृत, विजुअल आर्ट्स, लॉ, भूगोल, हिंदी, 10 जुलाई को समाजशास्त्र, विजुअल आर्ट्स (मूर्ति), संगीत, इतिहास, एबीएसटी, 11 जुलाई को इएएफएम, होम साइंस, विजुअल आर्ट्स पेंटिंग, राजनीति विज्ञान, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, जियोलॉजी, कंप्यूटर एप्पलीकेशन, 12 जुलाई को वनस्पति विज्ञान, गणित, जूलॉजी, साइकोलॉजी, 13 जुलाई को चित्रकला, स्टेटिस्टिक्स, केमिस्ट्री, लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस, उर्दू, फिजिक्स, फ्रेंच, 14 जुलाई को दर्शनशास्त्र, मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (तबला), अंग्रेजी, एंथ्रोपोलॉजी, लोक प्रशासन और 15 जुलाई को मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, ड्रामा, परफॉर्मिंग आर्ट्स (कथक) विषय की परीक्षा होगी।

## NCET हेल्प सेन्टर शुरू

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल (आईआईएस) में कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी)उम्मीदवारों में जागरुकता लाने और उनकी सुविधा के लिए हेल्प सेन्टर की शुरुआत की गई है। डायरेक्टर डॉ.अशोक गुप्ता ने बताया कि यह हेल्पलाइन सेवा उम्मीदवारों के लिए निःशुल्क होगी। इससे उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने में मदद मिलेगी। एनसीईटी-2023 के लिए आवेदन करने में उम्मीदवारों को कठिनाई होती है तो वह 9783307269 और 7793803863 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को चयनित केंद्रीय संस्थानों में 4- वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) में प्रवेश के लिए नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी) आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में देश के 178 शहरों और 13 माध्यमों में एनसीईटी का आयोजन किया जाएगा।

## अचीवमेंट | UEM के टीचर्स-स्टूडेंट्स का कमाल

# स्टूडेंट्स ने एक साल में क्लेम किए 100 से अधिक पेटेंट

बेधड़क | जयपुर

यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) के छात्रों और शिक्षकों ने एक ही शैक्षणिक सत्र में भारतीय पेटेंट कार्यालय में 100 से अधिक पेटेंट दाखिल व प्रकाशित किए हैं। यह जानकारी मंगलवार को यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने एक प्रेसवार्ता के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि यूईएम एक शोध उन्मुख संस्थान है और इसके छात्र एवं शिक्षक पेटेंट लेखन, शोध लेख प्रकाशन और पुस्तक प्रकाशन के रूप में काफी शोध प्रकाशन कर रहे हैं। वे न्यूयॉर्क, लास वेगास, कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड और यूके जैसे देशों में आईईएम-यूईएम समूह द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूईएम रिसर्च, इनोवेशन और प्लेसमेंट में राजस्थान की टॉप यूनिवर्सिटी है।

इसके अलावा यूईएम जयपुर छात्रों को करोड़ों रुपए की स्कॉलरशिप और फीस में छूट, शोध कार्य के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहन, यूनिवर्सिटी में रिसर्च ओरिएंटेड इको-सिस्टम विकसित करने के लिए प्रोजेक्ट डेवलपमेंट के लिए अनुदान प्रदान करता है।

यूनिवर्सिटी एआईसीटीई मेंटर-मेंटी प्रोग्राम के तहत एक मेंटर संस्थान है और एनपीटीईएल, क्यूएस, आईआईसी और एमएचआरडी द्वारा शीर्ष स्थान पर आंका गया है।



### 11 साल में मिलीं बड़ी उपलब्धियां

डॉ. चटर्जी ने बताया कि 11 साल की छोटी अवधि में ही यूईएम जयपुर अब कैंब्रिज अंग्रेजी मूल्यांकन परीक्षा के लिए एक अधिकृत परीक्षा केंद्र है, भारत ब्लॉकचैन एलायंस द्वारा ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी के लिए उत्कृष्टता केंद्र है, साइबर सुरक्षा के लिए पैलोअल्टो नेटवर्क के लिए अधिकृत शैक्षणिक भागीदार है और सिस्को नेटवर्क नेटवर्किंग समाधान के लिए, अमेजन वेब सर्विसेज द्वारा क्लाउड आधारित सेवाओं और शिक्षा के लिए AWS अकादमी है। इंडस्ट्री एकेडेमिया इंटरेक्शन प्रोग्राम के तहत यूईएम के 600 से अधिक शीर्ष उद्योगों और कंपनियों के साथ इंटर्नशिप और प्लेसमेंट टाई-अप हुए हैं।

### लेटेस्ट टैक्नोलॉजी पर फोकस

यूईएम के रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संबंधित क्षेत्र विश्व अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों को बदल देंगे। एआई, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स, सेंसर, वियरेबल टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस युवा इंजीनियरों को आने वाले 5 से 6 वर्षों में इन उभरती प्रौद्योगिकियों पर काम करने और उनका पता लगाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करेंगे। मरीजों के इलाज से लेकर फसलें उगाने तक में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। यूईएम के छात्रों को हमेशा सबसे उन्नत और नवीनतम तकनीकों के साथ काम करने का अवसर दिया जाता है ताकि उन्हें नौकरी के लिए तैयार बनाया जा सके।

## हिन्दुत्व एक वैज्ञानिक जीवन पद्धति

# प्रकृति, पर्यावरण व सनातन परंपराएं



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

भारतीय सनातन परंपराओं में प्रकृति संरक्षण के सूत्र मिलते हैं। जहां तक हिंदू धर्म का प्रश्न है, इसमें प्रकृति पूजन को प्रकृति संरक्षण के रूप में मान्यता प्राप्त है। यही वह अहम कारण है जिसमें पेड़-पौधों, नदियों, पर्वत मालाओं, ग्रह, नक्षत्र, अग्नि, वायु, जल को प्रकृति के विभिन्न रूपों यथा देवताओं के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त है। पुरातन काल से ऋषि परंपरा प्रकृति व वन संरक्षण को प्रधानता देती है। यही अहम कारण रहा कि प्रकृति और मानवीय सम्बंधों को न केवल विकसित किया बल्कि उसके संरक्षण को भी महत्ता दी। तात्पर्य यह कि प्रकृति के संरक्षण में परंपराओं की अहम भूमिका रही है। ऋग्वेद का प्रथम मंत्र ही अग्नि की स्तुति का जीवंत प्रमाण है। हिन्दुत्व एक वैज्ञानिक जीवन पद्धति है। हमारे हिन्दू धर्म का सह अस्तित्व का सिद्धांत प्रकृति के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है।

हमारी ऋषि परंपरा इतनी समृद्ध है कि जिसने जल और जंगल को पृथ्वी का आधार माना। उसके अनुसार- 'वृक्षाद वर्षति पर्जन्यः पर्जन्या दन्न संभव' तात्पर्य वृक्ष जल है, जल अन्न है और अन्न ही जीवन है। यह विडम्बना नहीं तो और क्या है कि हमारे चारों आश्रमों में से यथा-ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और सन्यास का सीधा संबंध वनों से है। हमारी संस्कृति में भी वनों को देवता मानकर उनकी पूजा की जाती है। इसका अर्थ यह है कि हिन्दू वनों का संरक्षक है। सम्राट विक्रमादित्य और अशोक का काल प्रमाण है कि उस काल में वनों की रक्षा सर्वोपरि थी। हमारे ऋषि-मुनियों की मान्यता थी कि पेड़ों में चेतना होती है। ऋग्वेद, पद्मपुराण, मनुस्मृति और वृहदारण्य कोप निषद आदि में इसका स्पष्ट उल्लेख है। ऋषि उद्दालक की मान्यता है कि वृक्ष जितात्मा से ओतप्रोत होते हैं। हिन्दू धर्म संस्कृति में तुलसी की महत्ता सर्वोपरि है। कारण वह मनुष्य को सर्वाधिक प्राणवायु ऑक्सीजन देती है, फिर वह औषधि गुणों से परिपूर्ण है।

> "ऋग्वेद, पद्मपुराण, मनुस्मृति और वृहदारण्य कोप निषद आदि में इसका स्पष्ट उल्लेख है। ऋषि उद्दालक की मान्यता है कि वृक्ष जितात्मा से ओतप्रोत होते हैं। हिन्दू धर्म संस्कृति में तुलसी की महत्ता सर्वोपरि है। कारण वह मनुष्य को सर्वाधिक प्राणवायु ऑक्सीजन देती है, फिर वह औषधि गुणों से परिपूर्ण है। वृक्षों के पूजन की परंपरा हमारे यहां आदिकाल से ही रही है।"

वृक्षों के पूजन की परंपरा हमारे यहां आदिकाल से ही रही है। वट, पीपल, आंवला इसी श्रेणी में आते हैं। हिन्दू धर्म के हरेक देवता पशु-पक्षी, जीव-जंतु, पेड़-पौधों आदि प्रकृति के दूसरे अवयवों के संरक्षण का संदेश देते हैं। नदी को मां के रूप में पूजा जाता है। मुनियों ने, ऋषियों ने जल को दीर्घायु प्रदायक, कल्याण कारक, सुखदायक व प्राणरक्षक माना है। उनके अनुसार जल के बिना जीवन असंभव है।



> *हमारे जीवन की एकरसता जो हमारी आदत बन चुकी है, जिसके चलते हम जीवन की भागदौड़ में इतने व्यस्त रहते हैं या बाहरी दुनिया की घटनाओं से सर्वथा अनभिज्ञ रहते हैं। इसी प्रवृत्ति के चलते हम प्रकृति और समाज के मध्य उपजी भावनाओं से विमुख बने रहते हैं। यह सबसे बड़ी विडंबना है और यह भी बेहद जरूरी है कि जिस प्रकृति से हमें हवा, पानी, भोजन आदि असंख्य उपहार मिलते हैं, उससे हमारा क्या और कैसा रिश्ता होना चाहिए जिससे हमारी जिंदगी नीरस न रहे।*

यही वह कारण है कि उन्होंने जलस्रोतों की रक्षा और नदियों, सरोवरों व सागरों की उपासना पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जल ही ब्रह्मा है। पर्वतों को देवताओं के वास की संज्ञा देकर उनकी महत्ता स्थापित की। हिमालय व गोवर्धन इस कथ्य के जीवंत प्रमाण हैं। यह देवत्व के प्रतीक हैं। यह भी कटु सत्य है कि जीव-जंतुओं को देवरूप की प्रतिष्ठा हासिल है।

इसके पीछे जीवों के संरक्षण का ही संदेश है। इस सच्चाई से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि हमारी संस्कृति में जीवों के कल्याण का भाव निहित है। जहां तक पर्वों का सवाल है, वह चाहे मकर संक्रांति हो, वसंत पंचमी हो, महा शिवरात्रि हो, होली, नवरात्र, गुडी पड़वा हो, वट सावित्री व्रत पूजा हो, ओणम हो या दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा हो, छठ, शरद पूर्णिमा, अन्नकूट, हरियाली तीज, गंगा दशहरा, देवोत्थान एकादशी आदि ये सभी पर्व प्रकृति पर्व ही तो हैं। गौरतलब यह है कि प्रकृति ने हमें यह क्षमता प्रदान की है कि हम गहराई से प्रकृति को जान सकें, समझ सकें। यह भी कि प्रकृति की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह हमें हरेक अच्छे-बुरे के बारे में स्पष्ट तौर पर संकेत देती है, बताती है लेकिन हम अपनी कमजोर कहें या मानवीय संवेदनाओं के चलते उस ओर ध्यान ही नहीं दे पाते। वह बात और है कि विविधताओं से भरपूर प्रकृति रूपी इस अनमोल खजाने की ओर संवेदनहीनता और लापरवाही की वजह से हमारा ध्यान जाता ही नहीं है। उस स्थिति तक जब तक कि हमारे जीवन में कुछ खास घटित न हो जाए। तब तक हम उस ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका अहम कारण हमारे जीवन की एकरसता जो हमारी आदत बन चुकी है, जिसके चलते हम जीवन की भागदौड़ में इतने व्यस्त रहते हैं या यों कहें कि मस्त रहते हैं जिसके कारण हम बाहरी दुनिया की घटनाओं से सर्वथा अनभिज्ञ बने रहते हैं।

इसी प्रवृत्ति के चलते हम प्रकृति और समाज के मध्य उपजी भावनाओं से विमुख बने रहते हैं। यह सबसे बड़ी विडंबना है और यह भी बेहद जरूरी है कि जिस प्रकृति से हमें हवा, पानी, भोजन आदि असंख्य उपहार मिलते हैं, उससे हमारा क्या और कैसा रिश्ता होना चाहिए जिससे हमारी जिंदगी नीरस न रहे। इस ओर हमने भौतिकवाद की चकाचौंध के चलते कभी सोचना ही जरूरी नहीं समझा। जीवन की पर्यावरण विषयक समस्याओं का मूल कारण यही है। जीवन और प्रकृति के बीच के स्पंदन को प्रकृति के अनुपम चितेरे महाकवि सुमित्रा नंदन पंत ने अपनी कविताओं में न केवल एहसास किया बल्कि उसे शब्द और स्वर देकर लोगों को प्रकृति की विविधता और उसकी ध्वनि को सुनने पर विवश भी किया।

दरअसल पंत जी ने रेत के उस सूक्ष्म कण को जिसे हम नदी के पानी के साथ बहकर आए पत्थर के कण समझते रहे, उन कणों में उन्होंने प्रकृति के गहरे निनाद को शब्दों में पिरोकर उसे प्रकृति का सहचर कहकर संबोधित किया। यह प्रकृति और जीव-जंतुओं यानी प्राणी मात्र के जीवन के मर्म को स्पष्टतः परिभाषित करता है और हमारी सनातन समझ को भी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# कित्ता 'लाल' हो गया टमाटर!



रेखा शाह आरबी
व्यंग्यकार

टमाटर भी क्या चीज है... यदि किसी महिला को कह दिया जाए कि आपके गाल टमाटर जैसे लाल हैं तो या तो वह शर्म से सुर्ख हो जाएगी या गुस्से के मारे सुर्ख होकर चप्पल निकाल लेगी। दोनों स्थिति में महिला का सुर्ख अर्थात लाल होना तय है। टमाटर यहां पर एक मजबूत पक्ष है जो एक तरफ आपके मन की अभिव्यक्ति का साधन बन कर भी तटस्थ रूप में आपके काम को बना भी रहा है बिगाड़ भी रहा है। उसे तटस्थ रूप में देखकर कुछ भ्रम मत पालिए कि टमाटर कुछ करता-धरता नहीं है और न ही टमाटर को अपने बारे में कोई गफलत है। वह तो बस सही समय आने का इंतजार करता है। वैसे भी आजकल टमाटर का ही समय आया हुआ है इसीलिए वह खूब गुस्से से लाल पीला है और सब पर रौब और रूआब झाड़ रहा है, जिसके कारण पहले किलो के हिसाब खाने वाले लोग अब पीस के हिसाब से इसे खा रहे हैं।

टमाटर को ही यह सौभाग्य प्राप्त है कि वह शिखर को भी छूता है और धरातल पर धराशाई होने का भी सुख लेता है। ऐसे तो आलू-गोभी-प्याज सब ऊपर नीचे होते रहते हैं, लेकिन टमाटर का ऊपर नीचे होना कुछ ज्यादा ही महत्व रखता है। क्योंकि इस की पैठ हर दर पर रहती है। टमाटर का भाव बढ़ा होना कवियों में हर्ष की लहर दौड़ा गया है, क्योंकि कवि सम्मेलनों में उबाऊ कविता से पकी हुई जनता अब उन पर टमाटर फेंकने की जुर्रत नहीं करेगी। अब कविगण अपनी उबाऊ और पकाऊ कविता जनता को सुना-सुनाकर उनके ऊपर जी भर अत्याचार करने के लिए स्वतंत्र है।

जनता सुबकने के सिवा और कुछ कर भी नहीं सकती है। इन दिनों आप जब भी बाजार में टमाटर की खरीदारी करने के लिए जाएं तो दाएं-बाएं, आगे-पीछे हर तरफ ध्यान देकर ही टमाटर की खरीदारी करना समझदारी की बात है। जहां तक हो सके चेहरे पर मास्क लगाकर या अंधेरे में ही टमाटर की खरीदारी करने जाएं, क्योंकि इनकम टैक्स वाले अब कुछ दिन टमाटर मंडी में ही डेरा डाले रहेंगे और जिसको भी एक या दो किलो टमाटर खरीदारी करते हुए देख लेंगे, उनके घर और संस्थान पर इनकम टैक्स की रेड पड़नी तय मानी जा रही है। तो समझदारी इसी में है टमाटर इस समय बचकर खरीदने और खाने में ही भलाई है क्योंकि इनकम टैक्स वालों की नजर में इस समय टमाटर खाना आम आदमी के बस का नहीं, उसके लिए कुछ खास लोग ही खरीदारी कर सकते हैं। आपकी नजर टमाटर पर उनकी नजर टमाटर खरीदने वाले पर बराबर बनी हुई है।

लगे हाथ टमाटर उन लोगों को भी बहुत राहत दे रहा है जो पथरी के शिकार रहते हैं। हमेशा अन्य लोगों को टमाटर वाली सब्जी टमाटर सूप खाते-पीते देखकर उनके अंदर जलन कुढ़न मची हुई रहती थी, अब उन्हें अपार संतोष मिल रहा है, जिस तरह वह टमाटर नहीं खा सकते हम लोग भी अब टमाटर नहीं खा सकते। तो टमाटर एक और उपयोग अनेक, इसी को कहते हैं हर कोई अपने अनुसार इसका उपयोग अपने मनोनुकूल कर रहा है।

## आम सहमति से हुआ फैसला

# नाटो महासचिव स्टोल्टेनबर्ग का कार्यकाल 1 साल बढ़ाया

**ब्रसेल्स।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के 31 सदस्यों ने मंगलवार को संगठन के मौजूदा महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग का कार्यकाल एक साल और बढ़ाने का फैसला किया। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन और उनके नाटो समकक्षों को 11 और 12 जुलाई को लिथुआनिया की राजधानी विलनियस में होने वाले शिखर सम्मेलन के दौरान नए महासचिव को नामित करना था, लेकिन विश्व के सबसे बड़े सुरक्षा संगठन ने आम-सहमति से स्टोल्टेनबर्ग को ही बनाए रखने का फैसला किया। नार्वे के पीएम जोनास गहर स्टोर ने स्टोल्टेनबर्ग का कार्यकाल बढ़ाने का स्वागत किया है। स्टोल्टेनबर्ग ने इस फैसले के बाद ट्वीट किया कि संगठन के महासचिव पद का कार्यकाल एक अक्टूबर 2024 तक बढ़ाकर नाटो सदस्य देशों ने उन्हें सम्मानित किया है।

## चीन में बाढ़: राहत-बचाव जारी

***बीजिंग।*** *दक्षिण पश्चिम चीन के वानझाउ जिले में चोंगक्विंग नगरपालिका क्षेत्र में भारी बारिश के कारण मंगलवार को बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने में जुटे चाइनीज आर्म्ड पुलिस फोर्स के जवान। चीन में विभिन्न इलाकों में बाढ़ के कारण हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।*



फोटो: पीटीआई/एपी



**किरण बेदी,** पूर्व उपराज्यपाल, पुडुचेरी
@thekiranbedi
जब कोई व्यक्ति बचपन से वयस्क हो जाता है, पेंसिल को प्रतिस्थापित कर दिया जाता है एक पेन से, बस उसे एहसास दिलाना अब मुश्किल है अपनी गलतियां मिटाना।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जब आप किसी काम को करने के लिए बहुत जल्दी में हों, तो कुछ सेकंड रोक लें - बाध्यता से चेतना की ओर स्थानांतरित होने के लिए बस इतना ही काफी है।



**जया किशोरी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
"यह आपके आसपास सबसे अच्छे लोगों के होने के बारे में नहीं है। यह सब एक होने के बारे में है।"



**उज्ज्वल पाटनी,** मोटिवेशनल स्पीकर
@Ujjwal_Patni
सच्चा दोस्त वो नहीं है जो आपको अच्छी लगने वाली बात कहे, वरन वो है जो सच्ची बात कहे, भले ही वो आपको बुरी लगे।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
हम सभी को हर दिन समान 24 घंटे मिलते हैं, लेकिन हम उन 24 घंटों का अनुभव कैसे करते हैं, यह हम में से प्रत्येक के लिए बहुत अलग हो सकता है।



**विवेक बिंद्रा,** उद्यमी
@DrVivekBindra
"दुःख से सीख लेकर ही सुख का रास्ता प्राप्त होता है।"



**बीके शिवानी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@bkshivani
अगर हम किसी की निंदा को दिलचस्पी से सुनते हैं, तो हम सुनाने वाले को बढ़ावा देते हैं। सुनाने वाले से ज्यादा जिम्मेदारी सुनने वाले की होती है, सुनने वाले सुनना बंद कर दें तो सुनाने वाले किसको सुनाएंगे?, वातावरण को दूषित होने से बचाएं।

## नॉलेज कॉर्नर: यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल ये केव

# घोड़े की नाल जैसी 'अजंता' की गुफाएं

अजंता व एलोरा की गुफाएं भारत की वह धरोहर है, जिसके बारे में हम बचपन से पढ़ते आए हैं। कई बार यह भ्रम बन जाता है कि ये दोनों गुफाएं एक ही हैं। जबकि अंजता व एलोरा की गुफाओं के मध्य लगभग सौ किलोमीटर का फासला है। दोनों गुफाएं महाराष्ट्र राज्य में स्थित हैं। इन्हें गुफाओं का नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि एक ही श्रेणी में 20 से अधिक गुफाएं हैं। इसलिए इन्हें अजंता की गुफाओं के रूप में जाना जाता है। इन्हें विश्व धरोहर की सूची में भी शामिल किया गया है। अजंता की गुफाओं का इतिहास जितना पुराना है, उतना ही नया यहां का भौगोलिक स्वरूप है। यही कारण है कि हर वर्ष लाखों पर्यटक इसका भ्रमण करने जाते हैं। जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### 29 चट्टानों को काटकर बनाई

अजंता की गुफाएं महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले में स्थित हैं। इन गुफाओं को करीब 29 चट्टानें काटकर बनाया गया है। इनका इतिहास द्वितीय शताब्दी ईस्वी पूर्व का है। ये गुफाएं बौद्ध धर्म को समर्पित हैं, इसलिए यहां बौद्ध धर्म से सबंन्धित चित्रण एवं शिल्पकारी के उत्कृष्ट नमूने देखने को मिलते हैं। इन गुफाओं की खास बात यह है कि सभी चित्रण सजीव प्रतीत होते हैं। यह 29 बौद्ध गुफाओं का समूह है, जिसमें 25 आवासीय



गुफाएं तथा 4 प्रार्थना हॉल हैं। अजंता नामक गांव के पास स्थित इन गुफाओं को वर्ष 1983 में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। ये गुफाएं मठ जैसी प्रतीत होती हैं। यह घने जंगलों से घिरी हुई हैं, जिसकी देखरेख भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग करता है।

### ये है विशेषता

अजंता की गुफाएं करीब 5 से 8 किलोमीटर दूर से घोड़े की नाल जैसी दिखाई देती हैं। इन गुफाओं में आकृतियों को फ्रेस्को पेंटिंग का उपयोग कर बनाया गया है। इन गुफाओं का विकास 200 ईस्वी पूर्व से 650 ईस्वी के मध्य हुआ। इसमें सभी चित्रों के लिए लाल रंग का सबसे अधिक प्रयोग किया गया है, जबकि नीले रंग का इस्तेमाल किसी भी चित्र में नहीं किया गया है। इन चित्रों में बुद्ध और जातक कहानियों को प्रदर्शित किया गया है। चीनी बौद्ध यात्री फाहियान और ह्वेन त्सांग ने अपने ग्रंथों में अजंता की गुफाओं के बारे में उल्लेख किया है।

### एलोरा अलग है अजंता से

*कई लोगों में यह भ्रम की स्थिति बनी हुई है, कि अजंता व एलोरा की गुफाएं एक ही हैं, जबकि दोनों अलग-अलग हैं। एलोरा में कुल 34 गुफाएं हैं तथा इन्हें 5वीं से 11वीं शताब्दी के मध्य विकसित किया गया। इसकी स्थापना राष्ट्रकूट वंश के शासकों द्वारा की गई है। इसे भी यूनेस्को ने 1983 में विश्व विरासत घोषित किया।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*

**आईआईटी गुवाहाटी के दीक्षांत समारोह में बोले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़...**

## यूसीसी लागू करने का समय आ गया, देरी का कोई औचित्य नहीं

एजेंसी | गुवाहाटी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि संविधान निर्माताओं की परिकल्पना के अनुरूप समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 44 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राष्ट्र देशभर में अपने नागरिकों के लिए यूसीसी लागू करने का प्रयास करेगा। धनखड़ ने कहा, यह संविधान के निर्माताओं की सोच थी। इसे लागू करने का समय आ गया है। इसे



लटकाने या और विलंब करने का कोई औचित्य नहीं हो सकता।'' उपराष्ट्रपति भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ ने आईआईटीजी परिसर में रुद्राक्ष और ब्रह्मकमल का पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि राजनेता जैसी चाहें वैसी राजनीति करें, लेकिन एक सीमा के तहत साझा समझ और राष्ट्र तथा राष्ट्रवाद के प्रति सम्मान होना चाहिए।

### दुनिया का हर छठा व्यक्ति भारतीय

उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया का हर छठा व्यक्ति भारतीय है और देश का मानव संसाधन पूरे विश्व को प्रभावित कर रहा है। उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वह आर्थिक राष्ट्रवाद के प्रति प्रतिबद्ध रहें और आर्थिक लाभ के लिए इसके साथ समझौता नहीं करें। हमारी अर्थव्यवस्था को विदेशी शक्तियों द्वारा नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए।

## समान नागरिक संहिता को जल्द लागू किया जाएगा: धामी

■ उत्तराखंड के सीएम की पीएम मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि उनका राज्य समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने पर काम कर रहा है तथा राज्य में



जल्द ही इसका कार्यान्वयन किया जाएगा। बहरहाल, उन्होंने यूसीसी पर प्रधानमंत्री के साथ कोई चर्चा किए जाने से इनकार किया। धामी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड आने के लिए आमंत्रित किया है।

उन्होंने कहा कि जोशीमठ में भूधंसाव से प्रभावित लोगों की मदद को लेकर तथा चार धाम यात्रा और राज्य में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में वृद्धि समेत अन्य मुद्दों पर उन्होंने प्रधानमंत्री से चर्चा की।

### भाजपा पर विपक्ष की सरकारों को गिराने का आरोप



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने मंगलवार को भाजपा पर पिछले कुछ वर्षों में कर्नाटक, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में विपक्ष की सरकारों को गिराने का आरोप लगाया और कहा कि इस चलन पर रोक के लिए कार्रवाई करने की जिम्मेदारी अब उच्चतम न्यायालय पर है। प्रतिष्ठित अधिवक्ता सिब्बल की ये टिप्पणियां राकांपा नेता अजित पवार और आठ अन्य विधायक एकनाथ शिंदे नीत महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने की पृष्ठभूमि में आई हैं। सिब्बल ने ट्वीट किया, भाजपा ने पद तथा अन्य चीजों का लालच देकर इन निर्वाचित सरकारों को गिराया: उत्तराखंड (2016), अरुणाचल प्रदेश (2016), कर्नाटक (2019), मध्य प्रदेश (2020), महाराष्ट्र (2022)।

### जन जाति आयोग अध्यक्ष चौहान ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के अध्यक्ष हर्ष चौहान ने अपना कार्यकाल पूरा होने से आठ महीने पहले पद से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने मंगलवार को आरोप लगाया कि चौहान को वन और आदिवासी अधिकारों के मुद्दे पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से भिड़ने की कीमत चुकानी पड़ी है। सूत्रों ने कहा कि चौहान का इस्तीफा सरकार के वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन पर आधारित है। एक आधिकारिक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, वह स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे थे।

**महाराष्ट्र: सियासी घमासान के बीच शक्ति परीक्षण की तैयारी**

## कानूनी राय लेने में जुटे हैं शरद पवार, दोनों गुटों की आज बैठक

### विचारधारा के साथ धोखा करने वाले मेरी तस्वीर का उपयोग न करें: पवार

एजेंसी | मुंबई

राकांपा के प्रमुख शरद पवार अपने भतीजे अजित पवार के शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने और उनकीओर से बड़ी संख्या में विधायकों का समर्थन होने का दावा करने के कारण पार्टी में पैदा हुए संकट से निपटने के लिए कानूनी राय ले रहे हैं।

इस बीच पवार ने मंगलवार को कहा कि जिस पार्टी के वह अध्यक्ष हैं और जयंत पाटिल, जिसकी महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख हैं, वही उनकी तस्वीर का इस्तेमाल कर सकती है। जिन्होंने मेरी विचारधारा के साथ धोखा किया और जिनके साथ मेरे वैचारिक मतभेद हैं, वे मेरी तस्वीर का इस्तेमाल नहीं कर सकते। इस बीच,अजित पवार और शरद पवार के बीच राकांपा पर दावेदारी को लेकर लड़ाई तेज हो गई है और इसी कड़ी में शक्ति प्रदर्शन के वास्ते दोनों गुटों ने बुधवार को अलग-अलग बैठक बुलाई है। शरद पवार गुट ने पार्टी की बैठक दक्षिण मुंबई स्थित यशवंत राव चव्हाण केंद्र में बुधवार को अपराह्न एक बजे



बुलाई है जबकि अजित पवार ने मुंबई के उपनगर बांद्रा स्थित मुंबई एजुकेशन ट्रस्ट के परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे बैठक बुलाई है। दोनों गुटों की बैठक से स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है कि किसके साथ कितने विधायक हैं। 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में राकांपा के 53 विधायक हैं और अजित पवार गुट को दलबदल कानून के तहत अयोग्य ठहराए जाने से बचने के लिए कम से कम 36 विधायकों का समर्थन चाहिए।

अजित पवार गुट ने 40 विधायकों के समर्थन का दावा किया है। वहीं, शरद पवार गुट ने दावा किया है कि सरकार में शामिल अजित पवार सहित केवल नौ विधायकों ने ही पाला बदला है और बाकी शरद पवार के साथ हैं।

### अजित गुट को 13 से अधिक विधायकों का समर्थन हासिल नहीं: क्रास्टो

राकांपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाईड क्रास्टो ने दावा किया कि अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को 13 से अधिक विधायकों का समर्थन प्राप्त नहीं है और इस पर दल-बदल रोधी कानून के प्रावधान लागू हो सकते हैं। बुधवार दोपहर एक बजे शरद पवार द्वारा बुलाई गई बैठक में उन्हें हासिल समर्थन की स्पष्ट तस्वीर सामने आ जाएगी। ज्ञात रहे कि अजित पवार खेमे ने राकांपा के 53 में से कम से कम 40 विधायकों के समर्थन का दावा किया था।

### राकांपा की पुणे, नागपुर इकाई शरद पवार के समर्थन में आई

**पुणे।** राकांपा की पुणे और नागपुर शहर इकाई ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी प्रमुख शरद पवार को अपना समर्थन देने की घोषणा की। राकांपा की पुणे इकाई के अध्यक्ष प्रशांत जगताप, पुणे के प्रवक्ता अंकुश काकड़े, राज्यसभा सदस्य वंदना चव्हाण, पार्टी नेता रवींद्र मालवदकर और कई पार्टी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में यहां हुई बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में पार्टी ने भाजपा के गंदे राजनीतिक रुख की निंदा की और दावा किया कि भाजपा को पता था कि राकांपा को खत्म किए बिना वह अपने उद्देश्य को हासिल नहीं कर पाएगी। प्रस्ताव में कहा गया कि शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ही असली पार्टी है। इस बीच, राकांपा की नागपुर शहर और ग्रामीण इकाइयों ने शरद पवार के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया। दुनेश्वर पेठे के नेतृत्व में राकांपा की नागपुर शहर इकाई ने एक प्रस्ताव पारित कर शरद पवार के नेतृत्व पर भरोसा जताया।

**कांग्रेस: नेता प्रतिपक्ष पर चर्चा नहीं**

### अभी इंतजार के मूड में पार्टी

**मुंबई।** कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की मंगलवार को हुई बैठक में महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता के मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई और राज्य में राजनीतिक घटनाक्रम के बीच देखो और इंतजार करो की रणनीति अपनाने का फैसला किया गया। एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। पहले यह कहा गया था कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजित पवार के पद से इस्तीफा देने और शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के पद पर दावा पेश करने के मुद्दे पर चर्चा कर सकती है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि बैठक में कांग्रेस ने पार्टी के साथ-साथ महा विकास आघाडी को मजबूत करने के लिए काम करने का फैसला किया, जिसमें वह राकांपा और शिवसेना (यूबीटी) के साथ एक घटक है। कांग्रेस के महाराष्ट्र मामलों के प्रभारी एच.के. पाटिल की मौजूदगी में कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट समेत पार्टी के 45 में से 39 विधायकों ने हिस्सा लिया।

**अजितनीत गुट के कार्यालय का उद्घाटन**

### मोदी जैसा कोई और नेता नहीं: अजित

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा कोई नेता नहीं है। अजित पवार ने राकांपा के अपने गुट का दक्षिण मुंबई में बने नए कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, देश पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है।इस बीच मंगलवार को महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिसमें अजीत व अन्य नेता शामिल हुए।



### विभागों की घोषणा में देरी संभव

अजित पवार ने संकेत दिया कि राज्य में मंत्रियों के विभागों की घोषणा तत्काल नहीं की जाएगी। उन्होंने इस देरी के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नागपुर दौरे को कारण बताया। दोनों नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आगवानी करने वहां जा रहे हैं। राकांपा विधायकों के मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के कुछ सदस्यों के नाराज होने की खबर के बारे में पूछे जाने पर अजित पवार ने कहा, हमने मिलकर काम करने का फैसला किया है।

**केरल के कानून मंत्री ने कहा...**

## राज्यपाल ने बिल पर हस्ताक्षर नहीं किए तो कानूनी विकल्प तलाशेंगे

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

केरल सरकार ने मंगलवार को कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों के संचालन से जुड़े विधेयकों पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद हस्ताक्षर नहीं करते हैं तो वह कानूनी विकल्प तलाशेगी क्योंकि लंबे समय से जारी अनिश्चितता राज्य के लोगों के लिए ठीक नहीं है। केरल के कानून मंत्री पी राजीव ने कहा कि सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) द्वारा लाए गए और राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों में विश्वविद्यालयों के कामकाज के संबंध में कुलाधिपति सहित अन्य मामले में सामूहिक निर्णय लेने का प्रावधान है।

उन्होंने कहा, अगर विधेयक को मंजूरी नहीं दी जाती है तो हमें इससे कानूनी तरीके से निपटना होगा। हम कानून बनाते हैं, क्योंकि संविधान और उच्चतम न्यायालय के अनुसार हम ऐसा करने में सक्षम होने के साथ इसके हकदार



भी हैं। यहां एक प्रेसवार्ता में राजीव ने कहा, हमें नहीं पता कि उन्होंने क्यों हस्ताक्षर नहीं किये। हम उम्मीद करते हैं कि वह हस्ताक्षर करेंगे, लेकिन लंबे समय से जारी अनिश्चितता देश के लोगों के लिए ठीक नहीं है। विश्वविद्यालयों में नियुक्ति से जुड़ा विधेयक पिछले साल सितंबर में पारित किया गया था और विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति राज्यपाल के स्थान पर प्रख्यात शिक्षाविदों को बनाने संबंधी विधेयक दिसंबर में विधानसभा में पारित किया किया गया था, लेकिन इन दोनों विधेयकों पर अब तक राज्यपाल खान ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

**कर्नाटक विधानसभा में हंगामा**

## भाजपा ने सदन के अंदर-बाहर किया प्रदर्शन




**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव से पहले किए गए पांच चुनावी वादों को कथित तौर पर पूरा करने में विफल रहने को लेकर विपक्षी दल भाजपा ने मंगलवार को विधानसभा के अंदर और बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। सदन में विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पांच गारंटी की सफलता को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। प्रश्नकाल होने दीजिए। फिर हम उनका (भाजपा) 'ज्ञान' लेंगे। शिवकुमार ने भाजपा से पूछा कि क्या उसने सभी के बैंक खातों में 15 लाख रुपए जमा कराने और विदेशों में पड़े काले धन को वापस लाने का वादा पूरा किया? हम अपने वादों को लेकर प्रतिबद्ध हैं और हम उन्हें पूरा करेंगे।


**भाजपा संगठन में बदलाव: लोकसभा व विधानसभा चुनावों पर नजर**

## तेलंगाना: जातीय समीकरणों को साधा, चुनावी रणनीति को दी धार

एजेंसी | नई दिल्ली

आगामी लोकसभा और कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को चार राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदलते हुए सांगठनिक बदलावों को अंजाम दिया। इनमें से दो राज्यों में पार्टी ने पुराने चेहरों पर भरोसा जताया है जबकि अपेक्षाकृत कमजोर आधार वाले दो राज्यों में दूसरे दलों से आए नेताओं को तव्वजों दी। इसमें जातीय समीकरणों का भी ध्यान रखा गया है। भाजपा तेलंगाना में लंबे समय से तेलंगाना में पांव पसराने के प्रयासों में जुटी है। वहां इसी साल विधानसभा चुनाव हैं। इसलिए वहां किए गए बदलाव





को अगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर काफी अहम माना जा रहा है। तेलंगाना में पार्टी ने केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी पर भरोसा जताया है और उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। तेलंगाना में भाजपा ने एक और अहम नियुक्ति की है। यहां की सत्ताधारी भारतं राष्ट्र समिति (बीआरएस) से भाजपा में आने वाले पूर्व मंत्री एटेला राजेंद्र को राज्य में चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। तेलंगाना में सरकार में छह मंत्री रेड्डी समुदाय से हैं। केंद्रीय मंत्री रेड्डी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में बंडी संजय कुमार की जगह लेंगे। पिछड़े समुदाय (मुन्नरकापू) से ताल्लुक रखने कुमार को 2020 में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। रेड्डी और राजेंद्र की नियुक्ति में जातीय समीकरण का भी खासा ख्याल रखा गया है।

### हर वर्ग तक पहुंच सुनिश्चित होगी

प्रदेश अध्यक्ष के रूप में रेड्डी की नियुक्ति के बारे में पूछे जाने पर भाजपा के एक नेता ने कहा कि उनकी छवि हर जाति में स्वीकार्यता वाले नेता की है। उन्होंने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर कहा कि रेड्डी और राजेंद्र की नियुक्ति से भाजपा की समाज के हर वर्ग में पहुंच सुनिश्चित होगी। रेड्डी संयुक्त आंध्र प्रदेश में राज्य में भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं वह 2002 से 2005 के बीच भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे हैं।

### नगर निगम व उप चुनावों में अच्छे प्रदर्शन से भाजपा का बढ़ा मनोबल

भाजपा ने 2020 में ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम और हुजुराबाद एवं दुब्बाका निर्वाचन क्षेत्रों के उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया। पार्टी ने 2019 के लोक सभा चुनाव में तेलंगाना में चार सीटों पर जीत हासिल की थी। ऐसे में पार्टी को उम्मीद है कि नयी नियुक्तियों से पार्टी के अभियान को राज्य में और बल मिलेगा।

### आंध्र: रामाराव की बेटी हैं नई अध्यक्ष पुरंदेश्वरी

आंध्र प्रदेश में डी पुरंदेश्वरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का फैसला भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सोमू वीराजू की जगह ली है। पुरंदेश्वरी को ऐसे समय में प्रदेश भाजपा की कमान सौंपी गई है जब केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी और वहां की प्रमुख विपक्षी पार्टी तेलूगु देशम पार्टी (तेदेपा) के बीच गठबंधन की चर्चा जोरों पर है। पुरंदेश्वरी तेदेपा के संस्थापक व आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन टी रामाराव की बेटी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री किरन रेड्डी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाकर भाजपा ने आंध्र प्रदेश के रेड्डी समुदाय को भी संदेश देने का काम किया है।

### झारखंड: जनजातीय वोटों पर नजर

झारखंड में मरांडी की नियुक्ति को भी अहम माना जा रहा है क्योंकि वह जनजातीय समुदाय से आते हैं और राज्य में इसी समुदाय की हितैषी होने का दावा करने वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा सत्तारूढ़ है। झारखंड के पहले मुख्यमंत्री रहे मरांडी के अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद पार्टी नेताओं से मतभेद हो गए थे। इसके बाद उन्होंने 2006 में अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का गठन कर लिया था। वर्ष 2020 में उन्होंने अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया था। मरांडी झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र से आते हैं और पहले भी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

### पंजाब: कांग्रेस से आए नेता को कमान

पंजाब में शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन टूटने के बाद अपने दम पर संगठन को मजबूत करने में जुटी भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर पार्टी में शामिल होने वाले सुनील जाखड़ को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के बेटे, सुनील जाखड़ पंजाब की सिख बहुल राजनीति में एक प्रमुख हिन्दू नेता माने जाते हैं।

## जरूरी खबर

### खरगे व राहुल गांधी ने की चुनाव तैयारियों पर चर्चा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मिजोरम के पार्टी नेताओं के साथ मंगलवार को बैठक की, जिसमें संगठन एवं चुनाव तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। मिजोरम में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होना है। बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पार्टी के प्रदेश प्रभारी भक्त चरण दास, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लाल स्वता और कुछ अन्य नेता मौजूद थे। इस बैठक के बाद खरगे ने कहा कि मिजोरम के लोग बदलाव चाहते हैं। उन्होंने ट्वीट किया, मिजोरम के लोग बदलाव चाहते हैं। प्रदेश में स्थिरता और प्रगति करने का कांग्रेस का रिकॉर्ड रहा है।

### होटल में घुसा ट्रक हादसे में 10 लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले में मंगलवार एक ट्रक ने चार वाहनों को टक्कर मारी और फिर राजमार्ग के किनारे बने एक होटल में जा घुसा जिससे 10 लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। राज्य की राजधानी से करीब 300 किलोमीटर दूर मुंबई-आगरा राजमार्ग पर पलासनेर गांव के पास पूर्वाह्न करीब 10.45 बजे हुई इस दुर्घटना में ट्रक के चालक और उसके खलासी की भी मौत हो गई। चालक और खलासी राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के रहने वाले थे। ट्रक इंदौर से धुले की ओर आ रहा था।क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के एक अधिकारी के अनुसार, ट्रक ने दुर्घटनास्थल से कुछ किलोमीटर पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी थी और चालक जाहिर तौर पर घबराहट में वाहन तेज गति से चला रहा था। पुलिस ने पहले कहा था कि यह दुर्घटना ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण हुई।

### भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त को किया तलब

**नई दिल्ली।** भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की बढ़ती गतिविधियों पर एक 'डिमार्शे' (आपत्ति जताने वाला पत्र) जारी किया। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। खालिस्तानी समर्थक समूहों द्वारा भारतीय राजनयिकों से संबंधित कुछ पोस्टर जारी करने के बाद कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया गया। सूत्रों ने बताया कि उच्चायुक्त को सोमवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और एक विरोध पत्र सौंपा गया।

## उम्मीदों का सावन... धान की रोपाई शुरू



*जालंधर। मानसून के आगमन तथा बारिश के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में खरीफ की फसल की बुवाई शुरू हो गई है। जालंधर के निकट एक खेत में धान की पौध रोपते हुए श्रमिक।* -पीटीआई

### जाति के पुन: वर्गीकरण संबंधी याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जाति व्यवस्था के पुनः वर्गीकरण के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश पी एस नरसिम्हा की पीठ ने एक वकील द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी और याचिकाकर्ता पर 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया। पीठ ने कहा, यह कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। इस तरह की जनहित याचिकाओं को रोकना होगा। उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, जाति व्यवस्था के पुनः वर्गीकरण के लिए केंद्र को नीति बनाने का निर्देश देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 32 का आह्वान किया गया है। यह जनहित याचिका अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। हम इसे खारिज करते हैं और उच्चतम न्यायालय बार संघ को 25,000 रुपए का भुगतान करने का निर्देश देते हैं।

## एससीओ की बैठक: आतंकवाद पर पीएम मोदी की दो टूक...

# आतंकियों को पनाह देने वालों की आलोचना में संकोच न करें

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आतंकवाद को क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा बताया और पाकिस्तान के परोक्ष संदर्भ में कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीतियों के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, आतंकवादियों को पनाह देते हैं और शंघाई सहयोग संगठन को ऐसे देशों की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई जरूरी है और ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल माध्यम से शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बैठक में डिजिटल माध्यम से उपस्थिति में मोदी ने कहा, आतंक के वित्त पोषण से निपटने के लिए भी हमें आपसी सहयोग बढ़ाना चाहिए



### उर्वरक संकट सभी के लिए बड़ी चुनौती

मोदी ने यह भी कहा कि विवादों, तनाव और महामारी से घिरे विश्व में खाद्यान्न, ईंधन और उर्वरक संकट सभी देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है और हमें मिलकर यह विचार करना चाहिए कि क्या एससीओ एक ऐसा संगठन बन रहा है जो भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार है? अफगानिस्तान का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अफ़ग़ानिस्तान को लेकर भारत की चिंताएं और अपेक्षाएं एससीओ के अधिकांश देशों के समान हैं। हमें अफगानिस्तान के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे।

### एससीओ के पांच नए स्तंभ

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एससीओ में सहयोग के पांच नए स्तंभ बनाए हैं जिसमें स्टार्टअप एवं नवाचार, पारंपरिक औषधि, डिजिटल समावेशिता और युवा सशक्तीकरण, साझी बौद्ध धरोहर शामिल हैं।

### ये देश शामिल हैं एससीओ में

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिजिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। इसे एक महत्वपूर्ण आर्थिक एवं सुरक्षा समूह माना जाता है।

### आतंकवाद कूटनीतिक फायदे के लिए इस्तेताल न किया जाए: शरीफ

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि आतंकवाद और उग्रवाद के कई सिर वाले राक्षस से पूरी ताकत और दृढ़ता के साथ लड़ा जाना चाहिए। उन्होंने इसे कूटनीतिक फायदे के लिए हथकंडे के तौर पर इस्तेमाल करने के खिलाफ भी आगाह किया। शरीफ ने कहा, राज्य प्रायोजित आतंकवाद समेत सभी तरह के आतंकवाद की स्पष्ट और कड़े शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। चाहे कारण या बहाना कुछ भी हो, निर्दोष लोगों की हत्या का कोई औचित्य नहीं हो सकता है।उन्होंने कहा कि आतंकवाद के संकट से लड़ने में पाकिस्तान द्वारा किए गए बलिदानों की कोई तुलना नहीं है, लेकिन यह अभी भी इस क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है और शांति तथा स्थिरता के लिए गंभीर बाधा है। शरीफ ने कश्मीर मुद्दे को भी उठाने की कोशिश की और लंबित विवादों के समाधान के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के महत्व पर प्रकाश डाला।

### क्षेत्रीय शांति-सुरक्षा सुनिश्चित की जाए: शी

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सदस्य देशों से क्षेत्रीय शांति और साझी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया और आर्थिक सुधार को गति प्रदान करने के लिए व्यावहारिक सहयोग की वकालत की। उन्होंने बहुपक्षीयता को बरकरार रखने और वैश्विक प्रशासन को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करने के महत्व को रेखांकित किया। वैश्विक प्रशासन प्रणाली को अधिक समतामूलक बनाने की वकालत करते हुए शी ने अमेरिका की आलोचना की और आधिपत्यवाद एवं ताकत की राजनीति के विरोध का आह्वान किया ।

## बृजभूषण के खिलाफ सुनवाई

# पुलिस रिपोर्ट पर नाबालिग पीड़िता से जवाब तलब

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने एक नाबालिग पहलवान के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने के लिये पुलिस की ओर से दाखिल की गई अंतिम रिपोर्ट पर पीड़िता और शिकायतकर्ता से मंगलवार को जवाब मांगा। अभियोजन पक्ष के वकील ने यह जानकारी दी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छवि कपूर ने बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान पीड़िता/शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और उन्हें पुलिस की रिपोर्ट पर एक अगस्त तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मामले को रद्द करने का अनुरोध करते हुए 15 जून को अदालत में एक रिपोर्ट दाखिल की थी। लेकिन इसमें छह महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न और पीछा करने के आरोप लगाए थे। पॉक्सो के तहत न्यूनतम तीन साल जेल की सजा का प्रावधान है, जो इस पर निर्भर करता है कि किस तरह का अपराध हुआ है।



### की थी शिकायत रद्द करने की सिफारिश

पुलिस ने 'कोई पुष्ट साक्ष्य नहीं है' का हवाला देते हुए सिंह के खिलाफ नाबालिग पहलवान द्वारा दायर शिकायत को रद्द करने की सिफारिश की थी। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया था कि पुलिस ने शिकायतकर्ता (नाबालिग के पिता) और खुद लड़की के बयानों के आधार पर एक रिपोर्ट पेश की है।

## मणिपुर: हथियार बंद भीड़ का सुरक्षा बलों पर हमला

# हथियार लूटने की कोशिश, झड़प में एक जने की मौत

एजेंसी | थौबल


मणिपुर के थौबल जिले में मंगलवार को इंडियन रिजर्व बटालियन के शिविर से हथियारबंद भीड़ ने कथित तौर पर हथियार लूटने की कोशिश की, जिस पर सुरक्षा बलों के साथ हुई झड़प में 27-वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि असम राइफल्स का एक जवान भी गोली लगने से घायल हुआ है। झड़प में 10 अन्य लोग भी घायल हुए हैं और फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। सूत्रों ने कहा कि हिंसक भीड़ ने हथियार और गोला-बारूद लूटने के लिए खंगाबोक इलाके में तीसरी आईआरबी बटालियन के शिविर पर हमला करने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश की और पहले आंसू गैस के गोले और फिर रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया।

### सुरक्षा बलों को रोकने का प्रयास किया

सूत्रों ने कहा कि जैसे ही सशस्त्र भीड़ ने गोलियां चलाईं, सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। भीड़ ने अतिरिक्त बलों को वहां पहुंचने से रोकने के लिए कई स्थानों पर शिविर की ओर जाने वाली सड़कों को अवरुद्ध कर दिया था, लेकिन जवान आगे बढ़ गए। भीड़ ने शिविर की ओर जा रही असम राइफल्स की एक टीम पर भी हमला कर दिया। उन्होंने असम राइफल्स के जवानों पर गोलीबारी की और उसके वाहन में आग लगा दी। इस दौरान असम राइफल्स का एक जवान गोली लगने से घायल हो गया। जवान के पैर में गोली लगी है।

### स्वतंत्रता सेनानी राजू को किया नमन

*हैदराबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को हैदराबाद में स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती समारोह के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं और उनको नमन किया।*




## अध्ययन में निष्कर्ष: गर्म जलवायु बन रहा मुसीबत

# तय समय से पहले आ रहा है वसंत, घट रहे हैं पक्षी

एजेंसी | नई दिल्ली

गर्म जलवायु के कारण समय से पहले वसंत जैसा मौसम आने लगा है, जब पक्षी अंडे देने के लिए वास्तविक रूप से तैयार नहीं रहते हैं और इस वजह से पक्षियों की आबादी में गिरावट दर्ज की जा रही है। यह जानकारी एक नए शोध में दी गयी है।

शोध में कहा गया है कि औसतन 'सांगबर्ड' (संगीत की ध्वनि की तरह चहकने वाले पक्षी) प्रजातियों की प्रजनन क्षमता में 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा सकती है। शोध के अनुसार, वसंत जैसे मौसम के जल्दी शुरू होने तथा अंडे देने की इन पक्षियों की तैयारी में अंतराल के कारण स्थिति बदतर होने वाली है, क्योंकि धरती का तापमान बढ़ रहा है। लॉस एंजिलिस स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया (यूसीएलए) और अमेरिका की मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की ओर से किये गये शोध से इस बात का पता चला है कि यदि पक्षी समय से पहले या मौसम की अंतिम अवधि में अंडे देना शुरू करते हैं तो यह संख्या अपेक्षाकृत कम होती है।



फाइल फोटो

### पक्षी नहीं ढल पाए हैं मौसम के अनुकूल

शोधकर्ताओं ने प्रोसिडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में कहा है कि जलवायु परिवर्तन के कारण वसंत जैसा मौसम समय से पहले आ रहा है, लेकिन ये पक्षी खुद को इसके अनुकूल फिलहाल ढाल नहीं पाए हैं।

### सदी के अंत तक 25 दिन पहले आ जाएगा वसंत

मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के पोस्ट-डॉक्टरेट फेलो एवं अध्ययन के प्रथम लेखक कैसी यंगफ्लेश ने कहा, ऐसी संभावना है कि 21वीं सदी के अंत तक वसंत का मौसम 25 दिन पहले शुरू हो सकता है, जबकि पक्षियों में अंडे देने के समय का यह अंतर महज 6.75 दिन ही कम हो सकेगा। संतति बढ़ाने के मामले में पक्षियों के लिए समय का बहुत ही महत्व होता है। समय से पहले या देरी से अंडे देने की वजह से अंडों या नवजात चूजों को नुकसान पहुंच सकता है।

### ऐसे किया गया अध्ययन

अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर 'पक्षी ब्रिडिंग' कार्यक्रम के आंकड़ों का इस्तेमाल करके 2001 और 2018 के बीच पूरे उत्तरी अमेरिका के वन क्षेत्रों के पास 179 स्थानों पर 41 प्रवासी और स्थानीय पक्षी प्रजातियों के प्रजनन के समय और पैदा होने वाले बच्चों की संख्या की गणना की। यूसीएलए में पारिस्थितिकी और विकासवादी जीवविज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्ययन के वरिष्ठ लेखक मॉर्गन टिंगले ने कहा,उत्तरी अमेरिका ने 1970 के दशक के बाद से पक्षियों की अपनी आबादी का लगभग एक तिहाई हिस्सा खो दिया है।

## हरिद्वार: कांवड़ यात्रा शुरू

# चार करोड़ कांवड़िये आने की है उम्मीद

एजेंसी | हरिद्वार

सावन का महीना शुरू होने के साथ ही मंगलवार से कांवड़ यात्रा आरंभ हो गई और गंगा जल भरने हेतु कांवड़ियों के हरिद्वार पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। अब एक पख़वाड़े तक हरिद्वार मे भोले बम और बम-बम की गूंज रहेगी। इस वर्ष चार करोड़ से अधिक कांवडियों के आने का अनुमान है। इस बार कांवड़ियों को अपने साथ अपना पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा और इसके बिना हरिद्वार मे प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। प्रशासन इसके लिए जरूरी ऐहतियाती कदम उठा रहा है।



### सुरक्षा के इंतजाम

गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक वी मुरुगेशन ने कहा कि कांवड़ यात्रा क्षेत्र मे सात कंपनी पैरा मिलेट्री फोर्स और 12 कंपनी पीएसी के साथ ही दस हजार पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों की तैनाती की गई है । बम रोधक दस्ता, श्वान दस्ता भी तैनात किया गया है।

## शुभ फूड, ट्रेवल और वेडिंग टूरिज्म: 50 कैटेगरी में पर्यटन की 58 हस्तियां सम्मानित

# नंबर-1 प्रदेश बनाने को दिग्गज एकजुट

बेधड़क | जयपुर

वेडिंग किंग, होटल एक्सपर्ट, फूड विशेषज्ञ, ट्रेवल व्यूवर जब एक मंच पर आए तो प्रदेश में रॉयल वेडिंग और इवेंट्स इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने के लिए कदम बढ़े। सभी ने टॉक शो में राजस्थान में इन सभी इंडस्ट्री को टॉप पर ले जाने के लिए अपने-अपने विचार रखे। इसमें गवर्नमेंट के ज्यादा से ज्यादा सहयोग के लिए अपील भी की। इसके बाद अपने-अपने क्षेत्र में बेस्ट करने वालो को उसी मंच पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। ये अनूठा आयोजन जयपुर में सीतापुरा स्थित होटल क्राउन प्लाजा में हुआ। राजस्थान पर्यटन विभाग के एसोसिएशन में आयोजित पर्यटन उद्योग की हस्तियों के कार्यों को पहचान और बढ़ावा देने के लिए शुभ फूड, ट्रेवल एंड वेडिंग टूरिज्म एक्सपो, समिट एंड अवाड्र्स में देश भर के विशेषज्ञ एक मंच पर आए।

गौरतलब है कार्यक्रम जम्मू टूरिज्म व मध्य प्रदेश टूरिज्म के सहयोग से किया गाया। कार्यक्रम में राजस्थान के लोक कलाकार डेजर्ट ट्रून्स बैंड ने परफॉरमेंस से राजस्थानी रंग बिखेरे।

### टॉक शो में किया मंथन

टॉक शो के दौरान राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग की शक्ति, लग्जरी ट्रेवल और ट्रेवल में बढ़ोतरी जैसे टॉपिक्स पर मंथन हुआ। सम्मेलन में पीपी खन्ना, अमरेश तिवारी, श्रीकांत कनोई, आनंद सेंडल, प्रशांत दुबे, आशीष अरोड़ा, अमन भाटिया, नितिन टंडन, अमन भाटीया, वनिश चुग, अश्विनी आर्य, अमित हुड्डा, प्रियंका नितिन दुबे, सुरेंद्र कालरा, कुलदीप चंदेला, मोहन सिंह, महेंद्र सिंह और हॉस्पिटेलिटी इंडस्ट्री के दिग्गज लोग शामिल हुए।






### भीम सिंह को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

निदेशक राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने बताया कि कार्यक्रम में सीईओ क्यू इवेंट्स ऋतुराज खन्ना और इंडियन हेरिटेज होटल एसोसिएशन (आईअचअचए) प्रेसिडेंट रणधीर विक्रम सिंह मंडावा द्वारा 50 कैटेगरी में पर्यटन की 58 हस्तियों को सम्मानित किया गया। इसमें राजस्थान पर्यटन उद्योग के रत्नों में से एक भीम सिंह को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से उनकी राजस्थान पर्यटन उद्योग को विश्व मंच पर स्थापित करने में अहम भूमिका निभाने के लिए दिया गाया।

### टॉप 10 होटल जर्नल मैनेजर्स का सम्मान

टॉप 10 होटल जर्नल मैनेजर्स को सम्मानित किया गया, जिसमें नलिन मंदिरत्ता क्राउन प्लाजा, राजीव कपूर होटल फेयरमोंट, अभिषेक शर्मा लीला पैलेस, ऋषि मट्टू होटल आईटीसी ग्रैंड भारत एनसीआर, सोनाली झगाड़े होटल हयात रेजिडेंसी गुरुग्राम, अवीक सेन गुप्ता होटल ताज स्काईलाइन अहमदाबाद, निखिल चंद्रा होटल द ललित ग्रैंड पैलेस श्रीनगर, श्याम कुमार डबल ट्री बाय हिल्टन आगरा, इमित अरोड़ा हॉलीडे इन सिटी सेंटर शामिल थे। माइस और वेडिंग के लिए बेस्ट होटल होटल क्राउन प्लाजा, बेस्ट होटल बार अंजुम फेयरमोंट, बेस्ट माइस होटल-2023 हयात रेजिडेंसी गुरुग्राम, बेस्ट मल्टी कुजिन रेस्तरां जयपुर पैविलियन आईटीसी राजपूताना एक लग्जरी कलेक्शन होटल, बेस्ट वेडिंग रिजॉर्ट हिल्टन जयपुर द्वारा होटल डबलट्री बेस्ट सिटी होटल, होटल रेडिसन सिटी सेंटर जयपुर डेयरी सरस पार्लर का नवीनीकरण कुलराज मीना, आर ए एस मैनेजिंग डायरेक्टर मानसरोवर चौपाटी जयपुर में सर्वश्रेष्ठ चौपाटी, जेएस बुगालिया डिप्टी कमिश्नर जीपी अग्रवाल (एक्सईएन) भारत भूषण जैन (ओएसडी राजस्थान हाउसिंग बोर्ड) उड़ान होटल और रिसॉर्ट्स आदि।

## चांदगोठिया अध्यक्ष निर्वाचित





**बेधड़क. जयपुर।** एमएफएस रेजीडेंट्स डेवलपमेंट सोसायटी, हंस विहार, मानसरोवर के दो वर्ष (2023-25) की अवधि के लिए कार्यकारिणी के चुनाव हुए। चुनाव अधिकारी आरके जैन, पीके गुप्ता और आरएस खुंटेटा की देखरेख में हुए चुनाव में ललित चांदगोठिया अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा व विजय अरोड़ा, सचिव राजेश जैन, कोषाध्यक्ष रतन लाल शर्मा, संयुक्त सचिव किशन लाल छत्तानी, संयुक्त सचिव दिनेश कुमार मेहरा, संगठन सचिव सीमानाथ चुने गए। सदस्यों में अनन्त लाल शर्मा, असित त्रिवेदी, कमलेश चंद जैन, केएम रामनानी, दर्शन कुमार चड्डा, मनोज रायजादा और सुरेश कुमार शर्मा निर्वाचित हुए।

## कहरवा ताल में दी प्रस्तुति



**बेधड़क. जयपुर।** कहरवा म्यूजिक एकेडमी की ओर से हुए कार्यक्रम में गुरु वंदन आयोजित किया गया, जिसमें नवल डांगी, नवीन पंवार, देवांश,अनुपम शर्मा सहित अनेक विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी। अंत में स्वयं डॉ. विजय सिद्ध तबला कलाकार ने आशीर्वाद स्वरुप कहरवा ताल में प्रस्तुति दी। युवाओं ने गुरुओं से टिप्स लिए।

## सीसी सड़क कार्य का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 126 विनोबा नगर में विधिवत पूजा करके सीसी सड़कों के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया। स्थानीय पार्षद ओम स्वामी ने बताया कि विनोबा नगर में सड़कें टूटी हुई थी। पार्षद कोटे से 35 लाख की लागत से इन सीसी सड़कों का नवीनीकरण कराया जा रहा है, जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सराफ ने किया। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, महेश मंगल, राधेश्याम शर्मा, रामराय शर्मा, राजेश शर्मा, शैलेश पटेल, केके शर्मा एवं अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# City इवेंट्स

## बच्चों के लिए किए सेवा कार्य



**बेधड़क, जयपुर।** मालवीय नगर स्थित सेक्टर-2 में श्रीजी फाउंडेशन की ओर से मालवीय नगर सेक्टर 12 में सेवा कार्य किया गया। सेवा कार्य में बच्चों को जूस पिलाया गया। फाउंडेशन के अनुज लालपुरिया ने बताया कि फाउंडेशन वंचितों का उत्थान, सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर लगाना, शिक्षा के क्षेत्र कार्य करना आदि विभिन्न प्रकार के काम कर रहा है। इस मौके पर फाउंडेशन के एडवोकेट ईशान मिश्रा, एडवोकेट मीनू वर्मा, अमित मिश्रा, राकेश गौड़ आदि ने सेवा कार्य किए। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने युवाओं के इस कार्य की सराहना की।

## युवाओं ने मनाया बिरयानी डे



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर में वर्ल्ड बिरयानी डे मनाया गया। इस अनूठे आयोजन में युवाओं के साथ होटल इंडस्ट्री के एक्सपर्ट ने हिस्सा लिया। पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट की ओर से व ताज रामबाग पैलेस के सहयोग से मनाए गए इस अनूठे उत्सव में युवाओं ने विभिन्न प्रकार की बिरयानी तैयार की। इस अवसर पर रामबाग पैलेस को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ होटल का पुरस्कार मिलने की खुशी को सेलिब्रेट किया गया। पीआईएचएम डायरेक्टर सुनील भार्गव, प्रिंसिपल केके परिहार, रामबाग पैलेस एचआर डायरेक्टर अजीत परिहार व एचआर मैनेजर उपस्थित रहे। सुनील भार्गव ने बताया कि सीईओ वर्ल्ड (यूएसए) की ओर से वर्ष-2022 के लिए एनसीएचएमसीटी को भारत में प्रथम और दुनिया में 13वां स्थान दिया गया है।

## खुशाल ने अभिनय से खींचा ध्यान



**बेधड़क, जयपुर।** आठ साल के खुशाल हवेलीवाला ने हाल ही में वेब सीरीज वकील साहिबा में दमदार काम करके नाम रोशन किया। छह साल की उम्र में बड़ी ब्रांड के लिए अपनी आवाज देने के बाद फिल्मों और सीरीयल्स में अभिनय की छाप छोड़ी। साथ ही हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज वकील साहिबा में नायक के बचपन का दमदार रोल किया। अब जल्द ही शॉर्ट फिल्म में एक महत्वपूर्ण रोल करने जा रहे हैं। खुशाल इसका श्रेय उसके बड़े पापा धनेश हवेलीवाला देते हैं।

### संगोष्ठियों में बताया दिन का विशेष महत्व

## भगवान महावीर के उपदेशों और सिद्धांतों को बताया प्रासंगिक




बेधड़क | जयपुर

वीर शासन जयंती पर पर शहर के मंदिरों में संगोष्ठियां हुईं। संतों की ओर से भगवान महावीर के उपदेशों पर प्रवचन दिए गए। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि जयपुर में मुख्य आयोजन राजस्थान जैन सभा के तत्वावधान में आमेर के संकटहरण पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में उपाध्याय ऊर्जन्तसागर के सानिध्य में हुआ। राजस्थान जैन सभा जयपुर अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन व महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि रमेश गंगवाल ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। समाजश्रेष्ठी एन के सेठी, सुभाष चन्द जैन, राकेश छाबड़ा, महेश काला, रुपेन्द्र छाबड़ा, सूर्य प्रकाश छाबड़ा आदि ने भगवान पार्श्वनाथ व आचार्य विमल सागर महाराज के चित्र का अनावरण किया। मुख्य अतिथि समाजश्रेष्ठी ताराचंद जैन स्वीट केटर्स तथा विशिष्ट अतिथि रुपेन्द्र छाबड़ा अशोक थे। मुख्य वक्ता डॉ. विमल कुमार जैन रहे। गौरतलब है कि भगवान महावीर को वैशाख शुक्ला दशमी को ज्ञान प्राप्त हुआ था, लेकिन उस समय उन्होंने कोई उपदेश नहीं दिया। 66 दिन बाद श्रावण कृष्णा एकम को राजगिरी में भगवान महावीर ने उपदेश देना शुरू किया। इसीलिए यह दिन भगवान महावीर के उपदेशों के महत्व को दर्शाता है।

### उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल का प्रोग्राम

## स्पेशल ड्राइव में लोगों से किया इंटरेक्ट, दी प्रेक्टिकल नॉलेज



बेधड़क | जयपुर

लोगों के लिए स्पेशल डाइव प्रोग्राम का आयोजन किया गया। उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक नरेंद्र के निर्देशन में ड्राइव प्रोग्राम चला, क्योंकि इस समय अतिरिक्त लोग यात्रा कर रहे हैं।

ऐसे में दो सप्ताह तक स्पेशल ड्राइव प्रोग्राम चलाया गया। इसमें सुविधाओं पर ध्यान दिया गया। इसमें विशेष व्यवस्था, बैठने की जगह, सफाई आदि की गई। साथ ही क्राउड मैनेजमेंट किया गया। दूसरी ओर लोगों को एटीवीएम से टिकट प्राप्त करना, क्यूआर कोड या मोबाइल एप से टिकट प्राप्त करना व अन्य बातों की ट्रेनिंग दी गई। ड्राइव के दौरान उच्च स्तर के अधिकारियों को जयपुर स्टेशन पर व अन्य महत्वपूर्ण स्टेशन पर निरक्षक स्तर के सुपरवाइजर ने स्वयं लोगों से मुलाकात की। साथ ही लोगों ने इंटरेक्ट करते हुए नई तकनीक के बारे में जाना। गांव व शहरों के लोगों को तकनीक के सहारे आगे बढ़ने के बारे में बताया और प्रेक्टिकल नॉलेज दी गई। इससे उन्हें सुविधा हुई। लाइव डेमो से अधिकारियों वे कर्मचारियों ने लोगों को अवेयर किया।

जंक्शन के साथ-साथ शहर के अन्य छोटे बड़े स्टेशन पर भी ड्राईव चलाई गई। इस दौरान सबसे ज्यादा फायदा ग्रामीण यात्रियों को हुआ।

### अभिषेक शांतिधारा | ज्योतिनगर जैन मंदिर में वीर शासन जयंती मनाई

# माताजी के चातुर्मास के मंगल कलश की हुई स्थापना

बेधड़क | जयपुर

विशेष मति माताजी के 15वें चातुर्मास का मंगल कलश स्थापना कार्यक्रम उत्साह से मनाया गया। जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में वीर शासन जयंती पर हुए कार्यक्रम में अभिषेक शांतिधारा तथा मूलनायक नेमिनाथ के श्रीफल भेंट करने के बाद देवेंद्र मीना कासलीवाल परिवार की ओर से झंडारोहण से शुरू हुआ।



भक्ति के साथ पूजन कर नाचते-गाते पूर्व आचार्यों व आर्यिका विशुद्ध मति माताजी के अर्घ्य चढ़ाए गए। आर्यिका विशेष मति माताजी के पाद प्रक्षालन नरेंद्र जैन निखार वाले, शास्त्र भेंट महिला मंडल जनकपुरी तथा वस्त्र भेंट अजय जैन श्रीमाल परिवार ने किया।

चातुर्मास के मुख्य कलश का नरेंद्र जैन निखार वाले को तथा चार निर्मल कलश का विजय ठोलिया, सुभाष फिरोजपुर वाले, सोभाग बंथली वाले व पदम जैन बिलाला परिवार को सोभाग्य मिला।

### 31 विशुद्ध कलश स्थापित किए

इसके साथ ही 31 विशुद्ध कलश स्थापित किए गए। कार्यक्रम में जोबनेर मीठडी झिराना मोजमाबाद नैनवा समाज से पधारे भक्तों ने माताजी को शास्त्र भेंट कर पुण्यार्जन किया। सभा में तीर्थ क्षेत्र कमेटी के कार्याध्यक्ष धर्म चंद पहाड़िया धर्म जागृति संस्थान के मंत्री सुनील पहाड़िया, कोषाध्यक्ष पंकज लुहाड़िया, सुरेंद्र काला जैन, बैंकर्स के जी एल जैन, संगिनी फोरम की सुनीता गंगवाल के अलावा श्याम नगर झोटवाड़ा मधुबन बरकत नगर दुर्गापुरा प्रताप नगर थड़ी मार्केट आदि स्थानों से आए भक्तों ने माताजी को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। प. चीकू भैया ने चातुर्मास कलश की स्थापना आर्यिका माताजी के मार्गदर्शन में कराई।



सही मायने में अनुभव ही आपका गुरु है,
बस हम में उसे समझने की क्षमता होनी चाहिए।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## हरिद्वार में कांवड़ मेले का शुभारंभ



*हरिद्वार। सावण मास मंगलवार से शुरू हो गया है। इसके साथ ही हरिद्वार में गंगा पूजन के साथ कांवड़ मेले का भी शुभारंभ हो गया। सावण मास के पहले ही दिन हरिद्वार में कावड़ियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बम-बम भोले का उद्‌घोष करते हुए हुए लाखों शिवभक्त गंगा जल उठाने के लिए हर की पैड़ी पहुंचे। -पीटीआई*

### सैन फ्रांसिस्को में तीन महीने में दूसरी घटना

# खालिस्तानियों ने भारतीय कांसुलेट को लगाई आग, अमेरिका ने निंदा की

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क (अमेरिका)

अमेरिका में एक बार फिर खालिस्तानियों ने भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला कर दिया। सैन फ्रांसिस्को में स्थित इंडियन कांसुलेट में खालिस्तान समर्थकों के आग लगाने का मामला सामने आया है। पिछले तीन महीनों में यह दूसरी बार है, जब खालिस्तानियों ने सैन फ्रांसिस्को की इस कांसुलेट को निशाना बनाया।

अमेरिकी सरकार ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे एक आपराधिक कृत्य बताया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि 'चरमपंथी, अतिवादी' खालिस्तानी सोच भारत या अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे सहयोगी देशों के लिए ठीक नहीं है। कनाडा सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया जाएगा। उधर, खालिस्तान समर्थकों ने दावा किया है कि यह कनाडा में फरार खालिस्तान कार्यकर्ता की हत्या का बदला है। इससे पहले हुए हमले की जांच नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी कर रही है। इस हमले के बाद सैन फ्रांसिस्को, कनाडा और यूके सहित अन्य देशों में मौजूद भारतीय संस्थानों को खालिस्तानी प्रदर्शन को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले 20 मार्च को खालिस्तान समर्थकों ने भारत के वाणिज्यिक दूतावास में तोड़फोड़ की थी। यहां पहुंचे अलगाववादी दूतावास के अंदर घुस गए थे और वहां लगे बैरियर को तोड़ दिया था।



### ट्विटर पर वीडियो भी किया साझा

'खालिस्तान टाइगर फोर्स' (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की मौत से जुड़ी खबरें भी दिखाई गई हैं। भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक रहे निज्जर की पिछले महीने कनाडा में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इस बीच, सोशल मीडिया पर साझा किए जा रहे एक पोस्टर में लिखा है कि 'खालिस्तान फ्रीडम रैली' आठ जुलाई को आयोजित की जाएगी, जो कैलिफोर्निया के बर्कले से शुरू होगी और सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर समाप्त होगी।

### पूर्व पीएम इमरान खान पर शिकंजा कसने के लिए...

# 'एंटी करप्शन कानून' में रातोंरात किया बदलाव

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

भ्रष्टाचार के एक मामले में मंगलवार को देश की शीर्ष भ्रष्टाचार रोधी जांच एजेंसी के सामने इमरान खान की पेशी से कुछ घंटे पहले पाकिस्तान सरकार ने भ्रष्टाचार रोधी कानूनों में रातोंरात बदलाव कर उन्हें और अधिक सख्त बना दिया है। जियारत के लिए गए राष्ट्रपति आरिफ अल्वी की गैर मौजूदगी में उनका कामकाज संभाल रहे सीनेट के अध्यक्ष सादिक संजरानी ने एनएबी को जांच अवधि के दौरान संदिग्ध को गिरफ्तार करने और एनएबी अदालत को भी किसी संदिग्ध को गिरफ्तारी के बाद पहले के 15 के बजाय अब 30 दिनों की हिरासत में भेजने के प्रावधान किया है।



### इमरान पर 50 अरब का भ्रष्टाचार का आरोप

राष्ट्रीय जवाबदेही (संशोधन) अध्यादेश, 2023 पर हस्ताक्षर के साथ इसे लागू कर दिया गया है। इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में एनएबी के सामने पेश होना था। अल-कादिर ट्रस्ट मामला 50 अरब रुपए के भ्रष्टाचार का है। इमरान ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है और सरकार पर राजनीतिक कारणों से उन्हें निशाना बनाने का आरोप लगाया है।

### इमरान को मिली बड़ी राहत

इस्लामाबाद हाईकोर्ट से इमरान को राहत मिली। हाईकोर्ट ने तोशाखाना मामले को अस्वीकार्य घोषित कर दिया और खान की जमानत याचिका को मंजूरी दे दी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आमिर फारूक ने फैसला सुनाया है। पीएम रहते हुए इमरान महंगे उपहार खरीदने के मामले में कटघरे में हैं। उनकी ग्रेफ कलाई घड़ी भी शामिल है। ये घड़ी उन्हें तोशखाना राज्य डिपॉजिटरी से रियायती मूल्य पर मिली थी, जिसे उन्होंने बाद में अधिक दामों में बेच दिया था।

## अफगानिस्तान में ब्यूटी पार्लर पर प्रतिबंध

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

अफगानिस्तान में तालिबान ने महिलाओं के ब्यूटी पार्लर पर प्रतिबंध लगाते हुए इन्हें कारोबार बंद करने के लिए एक महीने का नोटिस दिया है। सरकार के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों तथा आजादी पर नई पाबंदी है।



इससे पहले शिक्षा और ज्यादातर नौकरियों से उन्हें प्रतिबंधित किया जा चुका है। तालिबान के 'वर्च्यू एंड वाइस मिनिस्ट्री' के प्रवक्ता मोहम्मद सिद्दीक अकिफ महाजर ने प्रतिबंध की जानकारियां नहीं दी। उन्होंने केवल सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे पत्र की बातों की पुष्टि की। मंत्रालय ने 24 जून को लिखा एक पत्र साझा करते हुए कहा कि वह सर्वोच्च नेता हिबातुल्लाह अखुंदजादा के एक मौखिक आदेश से अवगत करा रहे हैं। यह प्रतिबंध राजधानी काबुल और सभी प्रांतों में रहेगा और इसमें देशभर के सैलून को अपना कारोबार बंद करने के लिए एक महीने का नोटिस दिया गया है। इसके बाद उन्हें बंद कर दिया जाएगा और इस संबंध में एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। पत्र में प्रतिबंध की वजहें नहीं बताई गई हैं। यह पत्र तब जारी किया गया है जब इससे पहले अखुंदजादा ने दावा किया था कि उनकी सरकार ने अफगानिस्तान में महिलाओं की जिंदगियों को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।

### 'लैंडिंग' के दौरान हेलिकॉप्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**बर्लिन।** स्विस आल्प्स में 'लैंडिंग' के दौरान एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार सभी पांचों लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। स्विटजरलैंड की एयरलाइन एयर जर्मेट का यह हेलिकॉप्टर लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हुआ। सार्वजनिक प्रसारक एसआरएफ ने बताया कि रोटर ब्लेड ने जमीन को छुआ, जिससे हेलिकॉप्टर एक तरफ झुक गया था। हादसा इटली की सीमा के नजदीक ग्निफेटी चोटी के पास हुआ।

## भारतीय-अमेरिकी महिला सांसद का पीछा करने पर एक साल की जेल

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल का चोरी-छिपे पीछा करने का अपराध कबूल करने वाले 49 वर्षीय व्यक्ति को 364 दिन के कारावास की सजा सुनाई गई है। 'द सिएटल टाइम्स' की प्रकाशित खबर के अनुसार ब्रेट फोर्सेल नामक व्यक्ति ने सिएटल की किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अभियोजकों द्वारा मूल रूप से अपने खिलाफ दायर किए गए गंभीर अपराध को स्वीकार करने के बजाय गलत तरीके से पीछा करने के हल्के अपराध को स्वीकार कर लिया। सिएटल पुलिस ने फोर्सेल को एक साल पहले जयपाल के घर के बाहर से गिरफ्तार किया था, जिसके पास एक हथियार था। उसे एक घृणा अपराध को अंजाम देने के संदेह में जेल में डाल दिया गया था। उसे चार दिन बाद ही रिहा कर दिया गया।

किंग काउंटी के अभियोजकों ने बाद में फोर्सेल पर जयपाल को बार-बार परेशान करने और डराने-धमकाने का आरोप लगाया। जयपाल को डर था कि वह व्यक्ति उन्हें चोट पहुंचाना या मारना चाहता था। जयपाल (57) वाशिंगटन के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करती हैं और वह 2016 में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गईं पहली भारतीय-अमेरिकी महिला बनीं। उनका जन्म भारत के चेन्नई में हुआ था और 16 साल की उम्र में वह अमेरिका चली गईं।

### फिलाडेल्फिया में गोलीबारी में 4 की मौत

# US में इंडिपेंडेंस डे से पहले शूटआउट

**एजेंसी** | फिलाडेल्फिया (US)।

अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वहां इंडिपेंडेंस डे से एक दिन पहले फायरिंग की घटना सामने आई है।

गोलीबारी की इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि अमेरिका के फिलाडेल्फिया शहर में सोमवार रात को 'बुलेटप्रूफ जैकेट' पहने एक बंदूकधारी ने अंधाधुंध गोलियां चलाई। ऐसा लगता है कि हमलावर ने रास्ते में आए लोगों को निशाना बनाया और पीड़ितों तथा बंदूकधारी के बीच फिलहाल किसी तरह के संबंध का पता नहीं चला है। पुलिस आयुक्त डेनियल आउटलॉ ने कहा कि यह गोलीबारी किंगसेसिंग शहर की कुछ गलियों में हुई। अधिकारियों ने संदिग्ध का पीछा किया और आत्मसमर्पण करने के बाद उसे एक गली से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना से एक दिन पहले बाल्टीमोर में गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 28 अन्य लोग घायल हुए थे। आंकड़ों के अनुसार, फिलाडेल्फिया में गोलीबारी देश में इस साल सामूहिक गोलीबारी की 29वीं घटना है।



### घर से निकलते ही निशाना बनाना कर दिया शुरू

पुलिस आयुक्त डेनियल आउटलॉ ने कहा कि अभी हमें बस इतना पता है कि यह व्यक्ति अपने घर से निकला और उसने लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। संदिग्ध ने 'बुलेटप्रूफ जैकेट' पहन रखी थी, उसके पास कई मैगजीन, एक 'एआर-टाइप राइफल', एक हैंडगन और एक पुलिस स्कैनर था। पुलिस अधिकारियों को किंगसेसिंग शहर में गोलियां चलने की कई सूचना मिलने के बाद इलाके में भेजा गया।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।